हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 279, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 11 अप्रैल, 2024 दिन गुरुवार गाजीपुर/वाराणसी

## पं. बंगाल में ममता नहीं रोक सकतीं घुसपैठ, सिर्फ भाजपा ऐसा कर सकती है : अमित शाह

### हम सभी शरणार्थियों को नागरिकता देंगे, ये हमारा वादा है

बालुरघाट। बालुरघाट में एक रैली में अमित शाह ने जमकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बनर्जी बंगाल में घुसपैठ कभी नहीं रोक सकतीं, केवल भाजपा ही ऐसा कर सकती है। अमित शाह ने आगे कहा, 'ममता दीदी, आप तो महिला मुख्यमंत्री हैं, फिर भी संदेशखाली जैसी शर्मनाक घटना पर आप राजनीति कर रही हैं। वर्षों तक, आपकी नाक के नीचे अत्याचार होता रहा और जब टीएमसी के गुंडों को ईडी पकड़ने गई तब उन पर पथराव किया गया। तुष्टिकरण कर कुछ वोट लेने के लिए आप संदेशखाली के गुनहगारों को बचा रही हैं।' उन्होंने कहा, 'हमने सीएए का कानून पारित किया है। ममता दीदी बंगाल के लोगों को गुमराह कर रही हैं। ये कह रही हैं कि अगर आपने एप्लीकेशन दिया तो आपकी नागरिकता चली जाएगी। मैं आज आपसे कहने आया हूं, बिना डरे जितने भी शरणार्थी हैं, एप्लीकेशन भरें, सभी को नागरिकता दी जाएगी। ममता दीदी, आप चाहे जितना भी विरोध करें, हम सभी



शरणार्थियों को नागरिकता देंगे। ये हमारा वादा है।'

**मुफ्त इलाज का खर्चा मोदी जी उठाएंगे**– शाह ने आगे कहा कि देशभर के गरीबों का पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज का खर्चा मोदी जी उठा रहे हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल के लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ममता दीदी ने यहां आयुष्मान योजना को लागू ही नहीं किया है। एक बार ममता सरकार को उखाड़ दो, सभी का पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त हो जाएगा।

**70 वर्षों से राम मंदिर को लटका रहे थे**– उन्होंने कहा कि कांग्रेस, टीएमसी और कम्युनिस्ट पार्टी वाले 70 वर्षों से राम मंदिर को लटका रहे थे, अटका रहे थे, भटका रहे थे। मोदी सरकार के दौरान राम मंदिर मुद्दे का फैसला भी आ गया, भूमि पूजन भी हो गया और राम मंदिर का निर्माण भी हो गया। 500 साल बाद, रामलला अपने भव्य मंदिर में रामनवमी को अपना जन्मदिन मनाएंगे। उन्होंने बड़ी संख्या में आए लोगों पर कहा, 'जो भीड़ यहां आई है। अब करने को क्या बचा है। चुनाव तो यहीं समाप्त हो गया है।' दक्षिण दिनाजपुर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, 'कम्युनिस्ट और तृणमूल कांग्रेस इस क्षेत्र में फैली गरीबी के लिए जिम्मेदार हैं। 2014 में बंगाल की जनता ने हमें केवल दो सीटें दी और फिर 2019 में आपने हमें 18 सीटें दीं और पीएम मोदी 300 से अधिक सीटों के साथ प्रधानमंत्री बने। अब 2024 में हमें इसे 18 से बढ़ाकर 30 करना है और 370 सीटों को पार करना है... अगर हम एक मजबूत भारत का निर्माण करना चाहते हैं, तो हमें एक मजबूत बंगाल बनाना होगा।' उन्होंने कहा, 'ममता दीदी घुसपैठ नहीं रोकेंगी क्योंकि ये घुसपैठिए उनका वोट बैंक हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार बंगाल में घुसपैठ रोक सकती है। हमने असम में घुसपैठ रोकी। मैं आपको मोदी गारंटी देने आया हूं कि हमें 30 सीटों से अधिक दें और बंगाल में भाजपा की सरकार बनाओ, हम घुसपैठ रोक देंगे।' शाह ने कांग्रेस पर निशान साध कहा, 'मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि कांग्रेस पार्टी को क्या हो गया है। आज भी वे कह रहे हैं कि मुस्लिम पर्सनल लॉ होना चाहिए और समान नागरिक संहिता नहीं होनी चाहिए।

## पहले उग्रवाद था, अब विकास की बहार : नड्डा

ईटानगर। लोकसभा चुनाव को लेकर तमाम राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। सत्तारूढ़ दल भाजपा और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पूरे देशभर में ताबड़तोड़ रैलियां आयोजित कर रही है। इस बीच, अरुणाचल प्रदेश के लिए भाजपा ने घोषणा-पत्र जारी किया है। गौरतलब है कि 19 अप्रैल को पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश में एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव होने हैं। बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जो क्षेत्र पूरी तरह से उग्रवाद और हत्याओं और बंद संस्कृति के लिए जाना जाता था, वो अब विकास की राह पर चल पड़ा है। मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में किए गए कार्यों से तेजी से प्रगति हुई है। जेपी नड्डा ने कहा कि दशकों तक उपेक्षित रहे पूर्वोत्तर में 2014 के बाद से ही बड़ा बदलाव आया। यह क्षेत्र अब प्रगति, विकास और समृद्धि के लिए पहचान बनाने लगा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार बिजली, पर्यटन, इंटरनेट, कनेक्टिविटी, कृषि और खेल समेत कई क्षेत्रों में पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए काम कर रही है। पूर्वोत्तर राज्यों के भाजपा के घोषणा-पत्र में मजबूत बुनियादी ढांचे, महिला सशक्तिकरण, रोजगार और जवाबदेह शासन के निर्माण का वादा किया गया है।

## यूपी से सात नाम, चंद्रशेखर, केशरीनाथ त्रिपाठी के बेटों को मौका, रीता बहुगुणा का टिकट कटा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की 10वीं सूची जारी कर दी है। सूची में नौ उम्मीदवारों का एलान कर दिया गया है। सूची में चंडीगढ़ के अलावा उत्तर प्रदेश की सात और पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार

### गाजीपुर सीट से पारस नाथ राय को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया

का एलान किया गया है। चंडीगढ़ से मौजूदा सांसद किरण खेर का टिकट काट दिया गया है। यहां से उनकी जगह पार्टी ने संजय टंडन पर भरोसा जताया है। टंडन चंडीगढ़ भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा आसनसोल से पूर्व केंद्रीय मंत्री एसएस अहलूवालिया को उम्मीदवार बनाया गया है। यहां से पहले पार्टी ने भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को टिकट दिया था। टिकट मिलने के 24 घंटे के अंदर ही पवन सिंह ने चुनावी मैदान से कदम पीछे खींच लिए थे।

अहलूवालिया का मुकाबला टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा से होगा। अहलूवालिया पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य की बर्धमान दुगार्पुर सीट से जीते थे।



भाजपा ने इस बार यहां से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष को टिकट दिया है। सूची में सात उम्मीदवार उत्तर प्रदेश के हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव के खिलाफ जयवीर सिंह भाजपा उम्मीदवार होंगे। इसके अलावा बलिया से पार्टी ने नीरज शेखर को उम्मीदवार बनाया है। शेखर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे हैं और फिलहाल राज्यसभा सांसद हैं।

यहां से मौजूदा सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट काट दिया गया है। प्रयागराज जिले की दोनों सीटों पर उम्मीदवार बदल दिए गए हैं। मौजूदा सांसद रीता बहुगुणा जोशी और केसरी देवी पटेल को टिकट नहीं दिया गया है। इलाहाबाद सीट से नीरज त्रिपाठी को मौका दिया गया है। नीरज भाजपा के दिग्गज नेता रहे केशरी नाथ त्रिपाठी के बेटे हैं। केशरी नाथ पूर्व राज्यपाल और यूपी विधानसभा के अध्यक्ष रहे थे। जिले की फूलपुर लोकसभा सीट से प्रवीण पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है। प्रवीण अभी फूलपुर से विधायक हैं।

कौशांबी लोकसभा सीट से पार्टी ने एक बार फिर विनोद सोनकर को टिकट दिया गया है। सोनकर यहां से मौजूदा सांसद हैं। इसके अलावा मछलीशहर से मौजूदा सांसद बीपी सरोज को उतारा गया है। वहीं, गाजीपुर सीट से पारस नाथ राय को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। पारस का मुकाबला 2019 में बसपा के टिकट से जीते अफजाल अंसारी से होगा, अफजाल इस बार सपा के टिकट पर यहां से मैदान में हैं।

## बारूद के ढेर पर बैठा बंगाल, दिलीप घोष बोले- राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही टीएमसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने कहा कि बंगाल बारूद के ढेर पर बैठा है और यहां कभी भी हालात बिगड़ सकते हैं। दिलीप घोष ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों को बंगाल में देश विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए सर्जिकल स्ट्राइक करने की जरूरत है। भाजपा नेता ने टीएमसी पर तुष्टिकरण की राजनीति करने और राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया। एक इंटरव्यू में दिलीप घोष ने कहा कि 'बंगाल में आर्थिक घोटालों और आंतकी मॉड्यूल में गहरा संबंध है।' घोष ने कहा कि 'पश्चिम बंगाल एक सीमावर्ती राज्य है, जहां कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। यहां जो घटनाएं घट रही हैं, वो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं। राज्य में बम बनाने की फैक्ट्रियां चल रही हैं और आतंकी मॉड्यूल से पता चलता है कि राज्य घुसपैठियों और देश विरोधी तत्वों के लिए सुरक्षित जगह बन गया है।' दिलीप घोष ने राज्य के सीमाई इलाकों



में जनसांख्यिकी बदलाव को लेकर भी चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि 'ममता बनर्जी की पार्टी की तुष्टिकरण की राजनीति की वजह से ऐसा हो रहा है।' घोष ने कहा कि 'टीएमसी के शासन में राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है। राज्यों के मामलों में सत्ताधारी पार्टी की पकड़ ढीली होती जा रही है।' पश्चिम बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि टीएमसी के शासन में संदेशखाली और भूपतिनगर जैसे कई इलाके हैं, जहां देश विरोधी तत्व खुले घूम रहे हैं। राज्य उस स्थिति में पहुंच रहा है, जहां हालात कभी भी खराब हो सकते हैं। ऐसे में केंद्रीय जांच एजेंसियों को राज्य में सर्जिकल स्ट्राइक करने की जरूरत है। उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में टीएमसी नेताओं पर महिलाओं के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा था। वहीं पर ईडी की टीम पर हमला हुआ था। हाल ही में पूर्वी मेदिनीपुर के भूपतिनगर में एनआईए की टीम पर भीड़ ने उस वक्त हमला किया, जब एनआईए की टीम 2022 के बम विस्फोट के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने पहुंची थी। घोष ने राज्य पुलिस और सीआईडी पर भी जांच में पक्षपातपूर्ण तरीके से कार्रवाई करने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने कहा कि जब चुनाव हो जाएंगे तो उसके बाद केंद्रीय जांच एजेंसियां कार्रवाई करेंगी और देश के खिलाफ रची जा रहीं साजिशों का खुलासा करेंगी। सीएए को लेकर साल 2019 में राज्य में हुए विरोध प्रदर्शनों पर घोष ने कहा कि 'लुंगी पार्टी ने सड़कों पर आकर बसें जलाईं और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। ये लोग बंगाल में इलाके हथिया रहे हैं और स्थानीय लोगों की नौकरियां और सरकार द्वारा दी जा रहीं सुविधाएं ले रहे हैं।'

## म्यांमार में बंधक यूपी के 3 इंजीनियर से बर्बरता की हदें पार, 18 से 20 घंटे काम, दे रहे इलेक्ट्रिक शॉक

लखनऊ। नौकरी के लिए म्यांमार गए तीन इंजीनियर दोस्त बंधक बना लिए गए हैं। एक इंजीनियर के परिजनों से 8.14 लाख रुपये की फिरौती भी वसूली। रकम ट्रांसफर होने के बाद से इंजीनियर से परिजनों का संपर्क नहीं हो पा रहा है। उसके भाई ने डालीगंज में स्थित एंटी ह्यूमेन ट्रैफिकिंग यूनिट थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर में उसके दोस्त व एक मलेशिया एजेंट नामजद आरोपी है।



गुडंबा के आधारखेड़ा गांव निवासी प्रॉपर्टी डीलर जोगिंदर चौहान ने बताया कि उनके 24 वर्षीय भाई सागर चौहान सिविल इंजीनियर हैं। बीती 26 मार्च को वह बसहा गांव निवासी अपने दोस्त राहुल उर्फ आरुष गौतम के साथ मलेशिया जाने की बात कहकर निकला था। दूसरे दिन जब उससे बात हुई थी तो उसने बताया था कि राहुल की कंपनी ने म्यांमार में नौकरी दिलाने की बात कही है, इसलिए वह म्यांमार चले गए हैं। साथ में उनका तीसरा दोस्त बाराबंकी निवासी अजय कुमार भी है। जोगिंदर के मुताबिक 28 मार्च को जब सागर की कॉल आई तो उसने बताया कि वहां उसको बंधक बना लिया गया है। टॉर्चर किया जा रहा है। फिर रुपयों की मांग की। जोगिंदर ने दो, तीन व चार अप्रैल को कुल तीन बार में 8 लाख 14 हजार रुपये उसको भेज दिए। तब से सागर से कोई बात नहीं हो पा रही है। इसलिए जोगिंदर ने आरुष गौतम व मलेशिया के रॉबिन हुड नाम के शख्स पर एफआईआर दर्ज कराई है। उनका कहना है कि राहुल उनके भाई को ले गया था। अंदेशा है कि उसने उसके भाई को वहां बेच दिया। तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है लेकिन जो तरू सामने आए हैं, उससे साफ है कि तीनों दोस्त फंसे हुए हैं।

## संदेशखाली में महिलाओं के उत्पीड़न और जमीन पर कब्जे की जांच करेगी सीबीआई, हाईकोर्ट का आदेश


कोलकाता। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की घटना को लेकर खूब हंगामा हुआ था। अब कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखाली में महिलाओं पर हुए अत्याचार और जमीन कब्जाने के आरोपों की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया है। संदेशखाली में ईडी के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच भी सीबीआई द्वारा ही की जा रही है। संदेशखाली मामले में भी टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उसके साथियों पर आरोप हैं। शाहजहां शेख ईडी टीम पर हमले का भी आरोपी है। बुधवार को अपने आदेश में कलकत्ता हाईकोर्ट ने कोर्ट की निगरानी में संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ हुए अपराध, जमीन कब्जाने जैसे आरोपों की सीबीआई जांच का आदेश दिया। बीते गुरुवार को उच्च न्यायालय ने संदेशखाली की घटनाओं को लेकर राज्य सरकार को फटकार लगाई थी। कोर्ट ने संदेशखाली में हिंसा के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह मामला बेहद शर्मनाक है। यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हर नागरिक को सुरक्षा प्रदान करे। कोर्ट ने कहा था कि संदेशखाली मामले में जिला प्रशासन और पश्चिम बंगाल सरकार दोनों को नैतिक जिम्मेदारी लेनी



चाहिए। हाईकोर्ट ने कहा कि 'यहां 100 फीसदी जिम्मेदारी सत्तारूढ़ सरकार की है। अगर किसी नागरिक की सुरक्षा खतरे में है तो सरकार जिम्मेदार है। अगर पीड़ित पक्ष की वकील जो भी कह रही हैं, उसमें एक फीसदी की भी सच्चाई है तो यह बेहद शर्मनाक है।' संदेशखाली में स्थानीय महिलाओं ने आरोप लगाए थे कि स्थानीय टीएमसी नेताओं ने जबरन उनकी जमीन पर कब्जा कर रखा है। कुछ महिलाओं ने टीएमसी नेताओं पर दुष्कर्म के गंभीर आरोप भी लगाए। इस मुद्दे पर बंगाल की राजनीति में उबाल आ गया था। दरअसल संदेशखाली मामले का मुख्य आरोपी टीएमसी नेता शाहजहां शेख है। शाहजहां शेख ईडी टीम पर हमले का भी आरोपी है। साथ ही बंगाल के राशन घोटाले में भी उसका नाम है। यही वजह है कि भाजपा ने इस मुद्दे पर टीएमसी सरकार को घेर लिया और सरकार पर आपराधिक तत्वों को शह देने का आरोप लगाया। साथ ही भाजपा ने राज्य पुलिस पर भी पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करने के आरोप लगाए। भारी दबाव के बाद बंगाल पुलिस ने बीती 29 फरवरी को मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को गिरफ्तार किया। होईकोर्ट में मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गई। ऐसे में हाईकोर्ट के आदेश के बाद शाहजहां शेख को सीबीआई को सौंप दिया गया।

## सिपाही भर्ती पेपर लीक कांड का दूसरा मास्टरमाइंड रवि अत्री भी गिरफ्तार, यूपी एसटीएफ ने दबोचा

लखनऊ। सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक कांड के दूसरे मास्टरमाइंड रवि अत्री को यूपी एसटीएफ की टीम ने बुधवार को गौतमबुद्धनगर के थाना जेवर के बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ को उसके पास से तीन प्रश्न पत्र, एक मोबाइल फोन, एक पेन ड्राइव और एक मेट्रो पास बरामद हुआ है। रवि अत्री ने सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्रों को ट्रंक बॉक्स खोलकर उसमें से पेपर निकालकर लीक किया था। बता दें कि सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद प्रदेश सरकार ने परीक्षा निरस्त कर दी थी और पूरे मामले की जांच यूपी एसटीएफ को सौंपी गई थीं। मामले में अब तक कई गिरफ्तारियां की जा चुकी हैं। मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि मामले का मुख्य आरोपी रवि अत्री जेवर थाना क्षेत्र के बस स्टेशन पर आने वाला है। इस पर एसटीएफ की टीम ने आवश्यक बल प्रयोग कर उसे बस स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। रवि अत्री ने बताया कि वर्ष 2006 में गौतमबुद्धनगर के एक इंटर कॉलेज से 12वीं की परीक्षा में पास होने के बाद वह मेडिकल की तैयारी के लिए कोटा, राजस्थान गया था और वहीं परीक्षा माफियाओं के संपर्क में आ गया और विभिन्न परीक्षाओं में सॉल्वर बनकर बैठने लगा। वर्ष 2012 में



नीट पीजी की परीक्षा का पेपर लीक करने के मामले में दरियागंज क्राईम ब्रांच दिल्ली से वह जेल भेजा गया था और इसी वर्ष एसबीआई की परीक्षा का पेपर आउट कराने में थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली से जेल गया था। वर्ष 2015 में वह एआईपीएमटी का पेपर आउट कराने में थाना पीजीआईएमएस रोहतक, हरियाणा से अपने साथियों के साथ जेल गया था।

## सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को लगाई फटकार, कहा- हम अंधे नहीं हैं

नई दिल्ली। योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने अपने उत्पादों को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाली कंपनी द्वारा जारी विज्ञापनों पर एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी। इस पर शीर्ष अदालत ने जमकर फटकार लगाई। कहा कि हम अंधे नहीं हैं। हम माफीनामा स्वीकार करने से इनकार करते हैं। वहीं, यह भी कहा कि वह केंद्र के जवाब से संतुष्ट नहीं है। बता दें, अब अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।


न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति ए अमानुल्लाह की पीठ ने कहा, 'माफी केवल कागज पर है। हम इसे स्वीकार करने से इनकार करते हैं, हम इसे जानबूझकर आदेश का उल्लंघन मानते हैं।' सुनवाई की शुरूआत में पीठ ने कहा, 'जब तक मामला अदालत में नहीं आया, अवमाननाकताओं ने हमें हलफनामे भेजना उचित नहीं समझा। उन्होंने इसे पहले मीडिया को भेजा, कल शाम साढ़े सात बजे तक यह हमारे लिए अपलोड नहीं किया गया था। वे ( रामदेव और बालकृष्ण) स्पष्ट रूप से प्रचार में विश्वास करते हैं।' पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने सुप्रीम कोर्ट की पीठ के समक्ष योग गुरु बाबा रामदेव का हलफनामा पढ़ा, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह विज्ञापन के मुद्दे पर बिना शर्त माफी मांगते हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'माफी सिर्फ कागजों के लिए हैं। हम इसे जानबूझकर आदेश की अवहेलना मानते हैं। समाज को यह संदेश



जाना चाहिए कि न्यायालय के आदेश का उल्लंघन न हो।' पंतजलि आयुर्वेद के मामले में उत्तराखंड सरकार पर भी सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि उत्तराखंड की सरकार ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। पीठ ने यह भी कहा कि उत्तराखंड सरकार इसे ऐसे नहीं जाने दे सकती है। सभी शिकायतों को सरकार को भेज दिया गया। लाइसेंसिंग इंस्पेक्टर चुप रहा, अधिकारी की कोई रिपोर्ट नहीं आई। संबंधित अधिकारियों को अभी निलंबित किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'वे कहते हैं कि विज्ञापन का उद्देश्य लोगों को आयुर्वेदिक दवाओं से जोड़े रखना था जैसे कि वे आयुर्वेदिक दवाओं के साथ आने वाले दुनिया के पहले लोग हैं।' पीठ ने कहा कि ऐसे लोगों के लिए सुप्रीम कोर्ट मजाक बनकर रह गया है। वहीं अदालत ने उत्तराखंड सरकार से उन अनगिनत निर्दोष लोगों के बारे में सवाल किया जिन्होंने यह सोचकर दवा ली कि उनकी बीमारी दूर हो जाएगी? कोर्ट ने कहा कि यह उन सभी एफएमसीजी कंपनियों से संबंधित है जो उपभोक्ताओं को लुभाती हैं और फिर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं। पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में रामदेव की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि वे सार्वजनिक रूप से माफी मांग सकते हैं। रोहतगी ने कहा कि पहले के हलफनामे वापस ले लिए गए हैं और उनकी ओर से हुई चूक के लिए बिना शर्त माफी मांगने के लिए नए हलफनामे दायर किए गए हैं।

## केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर सड़क पर उतरी भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकताओं ने आम आदमी पार्टी के कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछार का इस्तेमाल किया। बताया जा रहा है कि इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को चोट लग गई। भाजपा नेताओं और कार्यकताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इससे पहले उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अरविंद केजरीवाल की दिल्ली आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। जिसके बाद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। आप नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने हाईकोर्ट द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करने पर कहा, 'हम सुप्रीम कोर्ट गए हैं। हमें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट से न्याय जरूर मिलेगा। संजय सिंह के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह से राह दिखाई, उसी तरह से अरविंद केजरीवाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट कोई नई राह दिखाएगा।' इससे पहले हाई कोर्ट का फैसला आने के बाद



सौरभ भारद्वाज ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संजय सिंह की जमानत याचिका भी हाई कोर्ट ने खारिज कर दी थी। उनकी याचिका खारिज करने के दौरान हाई कोर्ट ने वे ही बाते बोली थी जो मंगलवार को केजरीवाल की याचिका खारिज करते हुए हाई कोर्ट ने कही है। मगर जब संजय सिंह हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गए तो उनकी जमानत हो गई।

## संपादकीय

## नजीर का न्याय

दशकों से निरंतर बहस का विषय रहा है कि हमारी प्राथमिकता विकास हो या पर्यावरण। जिन समाजों को विकास के चलते विस्थापन झेलना पड़ता है, वे विकास को विनाश की संज्ञा देते रहे हैं। आदिवासी क्षेत्रों व पर्वतीय इलाको में बांध व अन्य बड़ी विकास परियोजनाओं के अस्तित्व में आने पर विरोध के सुर गाहे-बगाहे उभरते रहे हैं। ऐसे में न्यायिक फैसले सरकारों की मनमानी पर अंकुश लगाने का काम करते हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट का एक ऐसा निर्णय आया है जिसे विकास तथा पर्यावरण संरक्षण व पारिस्थितिकीय संतुलन की दृष्टि से नजीर का फैसला कहा जा रहा है। यह फैसला एक सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट और दुर्लभ प्रजाति के पक्षी सोन चिड़िया को लेकर है। दरअसल, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड यानी सोन चिड़िया के अस्तित्व के लिये राजस्थान और गुजरात के इलाके में घातक माने जा रहे सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट की ट्रांसमिशन लाइनों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा अनुकरणीय फैसला दिया है कि जो आने वाली पढ़ियों के लिये मार्गदर्शक साबित हो सकता है। जो न्यायिक दृष्टि में भी बदलाव का पर्याय है। दरअसल, अब तक अधिकांश अदालत के फैसले पर्यावरण के पक्ष में या फिर विकास के पक्ष में जाते रहे हैं। लेकिन अदालत ने यह बताने का प्रयास किया है कि मनुष्य के लिये विकास जरूरी है तो पारिस्थितिकीय संतुलन भी जरूरी है। अदालत के फैसले के आलोक में मौजूदा ग्लोबल वार्मिंग संकट और उसके दूरगामी प्रभाव भी रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अदालत ने जलवायु परिवर्तन तथा पारिस्थितिकीय असंतुलन को देश के संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों की दृष्टि से जोड़कर देखा है। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि कोर्ट ने अपना पुराना फैसला भी इस संकट को दूर करने के लिये बदला है। दरअसल, गुजरात व राजस्थान के करीब नब्बे हजार वर्ग किमी के क्षेत्र में विस्तृत ओवरहेड ट्रांसमिशन लाइन प्रोजेक्ट दुर्लभ पक्षी सोन चिड़िया के अस्तित्व पर खतरा बन रहा था। जिस पर शीर्ष अदालत ने एक फैसले में रोक लगा दी थी। दरअसल,अदालत को तब बताया गया था कि विद्युत तारों के संपर्क में आने से इन पक्षियों की बड़ी संख्या में मृत्यु हो रही है। ये बिजली की तारें उस क्षेत्र में लगायी गई हैं जहां इन पक्षियों का आना-जाना होता है,जिनसे ये पक्षी बड़ी संख्या में टकराकर दम तोड़ देते हैं। अदालत के फैसले के चलते सौर ऊर्जा की महत्वाकांक्षी योजना पर प्रतिकूल असर पड़ रहा था। दरअसल, यह इलाका सौर ऊर्जा उत्पादन की दृष्टि से खासा उर्वरा माना जाता है। ऐसे में अदालत ने यह महत्वपूर्ण फैसला दिया कि जहां एक ओर सौर ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य भी पूरे हों, वहीं पक्षियों के अधिवास व जीवन की भी रक्षा हो सके। बीच का रास्ता निकालते हुए अदालत ने फैसला दिया कि 77 हजार वर्ग किमी क्षेत्र में बिजली की ट्रांसमिशन लाइन प्रभावी रहेंगी। वहीं दूसरी ओर तेरह हजार वर्ग किमी के क्षेत्र को इन दुर्लभ पक्षियों के अधिवास के रूप में सुरक्षित करने को कहा है। अदालत का मानना था कि सरकारें ग्लोबल वार्मिंग के संकट के चलते अपनी रीति-नीतियों में जो परिवर्तन कर रही हैं, उन्हें संविधान के मूल अधिकारों से जोड़ने की जरूरत है। ऐसा इसलिये जरूरी है कि ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव से आम लोगों का जीवन गहरे तक प्रभावित हो रहा है। वहीं जीवन यापन के लिये पर्याप्त ऊर्जा की लोगों के लिये उपलब्धता सुनिश्चित करना भी सराकारों का प्राथमिक दायित्व है। यह मामला लोगों के जीवन के अधिकार से जुड़ा भी है। आने वाले सालों में देश की ऊर्जा जरूरतों में व्यापक वृद्धि का आकलन किया जा रहा है। जिसे वैकल्पिक ऊर्जा के जरिये ही पूरा किया जा सकता है। जिसमें सौर ऊर्जा की बड़ी भूमिका होगी। जो देश के पर्यावरण प्रदूषण को घटाने में भी सहायक हो सकती है। साथ ही भारत को वैश्विक संस्थाओं को जीवाश्म ईंधन का उपभोग घटाने के वायदे को भी पूरा करना है। इसके लिये जरूरी है कि हम स्वच्छ ऊर्जा के अधिक से अधिक उत्पादन को अपनी प्राथमिकता बनाएं। यह हमारे नीति-नियंताओं के लिये भी मार्गदर्शक फैसला है कि हम अपने पारिस्थितिकीय तंत्र को संरक्षित करते हुए विकास की राह पर आगे बढ़ें।

## घर का ही दें ध्यान!



मिल रही सलाह ।
घर का ही दें ध्यान ।।
भटक रहे क्यों इधर उधर ।
गिर रहा सम्मान ।।
अपना घर सुधारें ।
फिर करेंगे बात ।।
नहीं समझते आप ।
बिछ रही बिसात ।।
घूमने और फिरने से ।
नहीं है बनता काम ।।
जो भविष्य का अनुभव ।
छिपा वहीं पैगाम ।।
दोषारोपण छोड़ कर ।
प्रगति राह निकालो ।।
आई बात खुद पर ।
अब तो जरा संभालो ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# यूपी में सपा की पीठ पर बैठ कर कांग्रेस पार करना चाहती है चुनावी वैतणनी

**अजय कुमार**

उत्तर प्रदेश में इंडी गठबंधन का प्रचार अभियान तेज नहीं पकड़ पा रहा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सामने समस्या यह है कि वह अपनी चुनावी लाईन ही नहीं तय कर पा रही है। वहीं कांग्रेस आलाकमान ने यूपी को तो मानो भूला ही दिया है। संभवता कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार यह मान बैठा है कि यूपी में उसका सियासी सफरनामा सपा के कंधे पर बैठकर पूरा हो जायेगा। इंडी गठबंधन के तहत यूपी में कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 20219 के लोकसभा चुनाव में यूपी में कांग्रेस का वोट प्रतिशत 2.33 प्रतिशत और सीट मात्र रायबरेली की एक थी। जहां से सोनिया गांधी सांसद थीं, अब वह राज्यसभा की सदस्य हैं। रायबरेली से कांग्रेस सोनिया गांधी की जगह नया प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। इंडी गठबंधन के कमजोर प्रचार अभियान और बीजेपी के युद्ध स्तर पर चुनाव प्रचार करने से फिलहाल ऐसा लग रहा है कि बीजेपी ने प्रचार के माध्यम से काफी बढ़त बना ली है। 04 जून को मतगणना वाले दिन पता चलेगा बीजेपी की मेहनत कितनी रंग लाई, लेकिन कई सीटों पर मुकाबला कांटे का दिखाई दे रहा है। बीजेपी भी हर कदम फूंक-फूंक कर रख रही है। वहीं सपा-कांग्रेस भी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं। हालांकि अमेठी, रायबरेली, बदायूं, घोषी, आजमगढ़, रामपुर समेत करीब दो दर्जन सीटों पर मुकाबला रोमाचंक होने वाला है। जीत-हार का आंकलन कर पाना किसी भी राजनीतिक पंडित के लिए आसान नहीं होगा। कुल मिलाकर कांग्रेस की सुस्ती से समाजवादी पार्टी का प्रचार अभियान भी तेजी नहीं पकड़ पा रहा है जबकि पहले चरण के मतदान में अब मात्र दस दिनों का ही समय बचा है। कांग्रेस के रवैये के चलते सपा के कई दिग्गज नेता कांग्रेस आलाकमान से नाराज भी चल रहे हैं,इन नेताओं का कहना है कि कांग्रेस, सपा की पीठ पर सवार होकर पार करना चाहती है चुनावी वैतणनी।



यूपी की 80 की 80 सीट जीतने का लक्ष्य बीजेपी ने रखा है। हालांकि ऐसा होना असंभव नहीं तो मुश्किल जरूर है। खासकर इंडी गठबंधन के बाद यूपी में क्लीन स्वीप कर पाना इतना आसान नहीं होगा। इस बार बीजेपी को अपनी जीती हुई सीट बचाने में भी मुश्किल होगी। वहीं 2019 में हारी सीटें जीतना एक बड़ी चुनौती रहने वाली है। हालांकि बीजेपी भी अपने काम और मोदी-योगी के नाम पर पूरी दमखम से जुटी हुई है। वहीं इस चुनाव में यूपी की कई अन्य सीटों पर क्रिकेट मैच के फाइनल की तरह करो या मरो जैसी स्थिति रहने वाली है। इस बार जो चुनावी रण में लड़ेंगा वही जीतेगा। लहर के भरोसे चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। बात अगर यूपी की सबसे कांटे की टक्कर वाली सीट की करें तो पहला और दूसरा नाम अमेठी एवं रायबेरली सीट का आता है। अमेठी लोकसभा सीट पर उसी स्थिति में मुकाबला कांटे का होने की संभावना है, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़े। अमेठी कांग्रेस का गढ़ रहा है और 2019 के चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी चुनाव हार गए थे। उधर, बीजेपी ने मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को पुनः उम्मीदवार बनाया है। हाल ये है कि कांग्रेस अभी तक उम्मीदवार की घोषणा तक नहीं कर पाई है। चर्चा है कि सोनिया गांधी के दामाद और प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा अमेठी से चुनाव लड़ सकते हैं। रॉबर्ट वाड्रा के चुनाव लड़ने पर भी मुकाबला करो या मरो वाला हो जाएगा। इस सीट पर कांग्रेस का उम्मीदवार घोषित होने के बाद ही मुकाबला कैसा होगा, ये कह पाना संभव होगा। इसी प्रकार से रायबरेली सीट कांग्रेस का अभेद्य किला रहा है। मोदी लहर के बावजूद बीजेपी 2014 और 2019 के चुनाव में कांग्रेस के इस किले को भेद नहीं पाई थी। इस बार सोनिया गांधी चुनाव नहीं लड़ रही है। कांग्रेस से चुनाव कौन लड़ेंगा, अभी संशय बना हुआ है। अगर गांधी परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव लड़ता है तो ये सीट कांग्रेस आसानी से जीत सकती है। अगर किसी अन्य को टिकट मिलता है तो कांग्रेस के लिए रायबरेली बचाना मुश्किल हो जाएगा। चुनाव इतना कांटे का हो जाएगा, जिस पर नतीजे आने से पहले कुछ भी कह पाना किसी के लिए मुश्किल होगा। यहां से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की चर्चा है। अगर प्रियंका चुनाव लड़ी तो कांग्रेस का रास्ता साफ हो जाएगा। बीजेपी के मिशन 80 पर प्रियंका पानी फेर सकती है।

तीसरे नंबर पर मैनपुरी लोकसभा सीट है। सपा का गढ़ मानी जाने वाली मैनपुरी सीट पर अगर बीजेपी नेताजी मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव को टिकट देती है तो उस स्थिति में चुनाव कांटे का होने की संभावना है। वरना इस सीट पर हुए उप-चुनाव के नतीजों से साफ-साफ संकेत है कि इस बार भी नतीजे सपा के पक्ष में आएंगे। डिंपल यादव आसानी से चुनाव जीत जाएंगी। अपर्णा चुनाव लड़ी तो लड़ाई बेहद रोमाचंक होगी, उस स्थिति में जीत हार का आंकलन कर पाना बहुत मुश्किल होगा। ऐसे ही कन्नौज सीट से सपा मुखिया अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने पर ही मुकाबला जैसी स्थिति होगी। वरना बीजेपी के सुब्रत पाठक कमल खिला देंगे। अखिलेश के लड़ने पर सुब्रत पाठक के लिए चुनाव जीतना लोहे के चने चबाने जैसा होगा।

बदायूं सीट पर भी इस बार कड़ा मुकाबला होने के आसार है। सपा ने कद्दावर नेता शिवपाल यादव को टिकट दिया था, लेकिन अब बदायूं से उनकी जगह उनके पुत्र आदित्य के चुनाव लड़ने की चर्चा है। जबकि बीजेपी ने मौजूदा सांसद संघमित्रा मौर्य का टिकट काट दिया है। इस बार बीजेपी के दुर्विजय शाक्य की टक्कर यादव कुनबे से होगी। अगर आदित्य चुनाव लड़े तो उस स्थिति में बदायूं सीट पर रोमांचक मुकाबला होगा। आखिरी समय तक कुछ भी कह पाना संभव नहीं होगा। उधर घोषी सीट पर भी मुकाबला करो या मरो वाला होने वाला है। वहीं आजमगढ़ सीट पर भी सपा ने धर्मेंद्र यादव को उतार कर दिनेश लाल निरहुआ को कड़ी टक्कर दे दी है। सपा का गढ़ रही इस सीट पर भी कांटे की टक्कर हो सकती है।

# सनातन का संदेश देता है भारतीय नववर्ष

**डॉ. वंदना सेन**



अंग्रेजी नव वर्ष के बढ़ते प्रभाव के बीच राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर भारतीय नागरिकों को सचेत करते हुए लिखते हैं कि ये नव वर्ष हमें स्वीकार नहीं, है अपना ये त्यौहार नहीं, है अपनी ये तो रीत नहीं, है अपना ये त्यौहार नहीं। इन पंक्तियों का आशय पूरी तरह से स्पष्ट था कि अंग्रेजी नव वर्ष हमारा अपना नहीं, बल्कि अंग्रेजों द्वारा भारतीयता को मिटाने के लिए भारत पर थोपा गया था। विसंगति यह है कि अंग्रेज जो भारत में छोड़कर गए थे, उसे हमने अपना मान लिया। उसके पीछे मूल कारण यही था कि हम अपनी भारतीय संस्कृति को विस्मृत कर चुके थे। अपने स्वत्व का बोध भी हमको नहीं रहा था। जब हम स्वत्व की बात करते हैं तो स्वाभाविक रूप से इसमें वह सब दिखाई देगा, जो मूल भारत की कल्पना था।

अब पहला सवाल यह आता है कि अपना मूल भारत क्या था? क्या हमें इसका भान है? यकीनन नहीं, क्योंकि आज जो भारत दिख रहा है, उसे पहले मुगलों ने अपने हिसाब से बनाया और फिर अंग्रेजों ने भारतीय समाज को हमें अपनी संस्कृति से विमुख कर दिया। विचार कीजिए कि भारत का स्वत्व क्या है? अगर भारत का स्वत्व जानना है तो हमें मुगलों से पूर्व के भारत का अध्ययन करना होगा, वही वास्तविक भारत है। आज हम भले ही अंग्रेजी दिनचर्या का उपयोग करते हैं, लेकिन आज भी यह सत्य है कि अंग्रेजी दैनंदिनी का प्रयोग हम अपने त्यौहारों में कभी नहीं करते। क्योंकि हमारे सारे त्यौहार सांस्कृतिक और प्राकृतिक हैं। वे प्रकृति के हिसाब से ही तय किए जाते हैं। इसीलिए प्रारंभ से ही भारत के समस्त त्यौहार दिशा बोध कराने वाले रहे हैं। वसंत के त्यौहार को ही ले लीजिए, इसमें प्राकृतिक बोध होता है। वसंत के पश्चात पतझड़ और फिर प्रकृति में नवीनता का उल्लास। यही उल्लास प्राकृतिक नव वर्ष का आभास कराता है। इसीलिए यही भारत का अपना नव वर्ष है, अंग्रेजों वाला नहीं।

भारतीय की संस्कृति में पुरातन काल से नव वर्ष का प्रारंभ चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से ही माना जाता रहा है। इस तिथि को भारतीय संस्कृति में अति पावन दिन माना गया है। क्योंकि इसी प्रतिपदा दिन रविवार को सूर्योदय होने पर ब्रह्मा ने सृष्टि के निर्माण की शुरूआत की थी। इसलिए इसको सृष्टि का प्रथम दिवस भी कहते हैं। यह प्राकृतिक संयोग ही है कि अब भारत के नागरिक अपनी मूल की ओर लौट रहे हैं। जो लोग कल तक अपने नव वर्ष मनाने वाले समाज की हंसी उड़ाता था, वे स्वयं होकर नव वर्ष मनाने की ओर प्रवृत हो रहे हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि भारत अपने स्वत्व की ओर लौट रहा है। भारत के नागरिकों को यह आभास होने लगा है कि हमारा देश किसी भी मामले में दुनिया के देशों से पीछे नहीं रहा, बल्कि उसे षड्यंत्र पूर्वक पीछे कर दिया गया था। अब यह षड्यंत्र भी समझ में आने लगा है। इसलिए अब बहुत बड़ी संख्या में भारत का अपना नव वर्ष मनाने के लिए एकत्रित होने लगे हैं। वर्तमान में जिस प्रकार से श्रद्धा केन्द्रों पर भीड़ बढ़ रही है, वह इस बात का प्रमाण है कि भारत का युवा जाग्रत हो रहा है। उसे सांस्कृतिक रूप से अपने पराए का बोध हो रहा है। समाज अपने विवेक से श्रेष्ठ और बुराई के बीच तुलनात्मक अध्ययन करने लगा है। समाज के व्यवहार में भी व्यापक परिवर्तन आया है। जो बुद्धिजीवी पहले हर बात की अपने हिसाब से व्याख्या करते थे, आज वे भी भारतीय संस्कृति के अनुसार चलते की ओर प्रवृत हुए हैं। इसलिए अब भारतीय समाज को भ्रमित करने के दिन बहुत दूर जा चुके हैं। आज विश्व के कई देशों के नागरिक अपनी भोगवादी विकृति को छोड़कर भारतीय संस्कृति की ओर उन्मुख हो रहे हैं। धार्मिक दृष्टि से आस्था के क्षेत्र के रूप में विद्यमान नगरों में यह दृश्य आम हो गए हैं। आज गंगा के घाट पर विदेशी नागरिक भजन करते हुए मिल जाते हैं तो ब्रज की गलियों में कृष्ण भक्ति में लीन अनेक विदेशी नागरिक भी दिखाई देते हैं। भारत की संस्कृति में इस बात की स्पष्ट कल्पना है कि भगवादी विकृति से मन विकृत हो जाता है। आत्मा की शुद्धि करना है तो उसके लिए भारतीय संस्कृति ही सर्वोत्तम है। जब विदेशी लोग भारतीय संस्कृति को पसंद करके उसकी राह पर चलने के लिए आगे आ रहे हैं, तो फिर यह हमारी अपनी है। यह हमारा स्वत्व है। इसलिए हम अपना नव वर्ष धूमधाम से मनाएं और अपने जीवन को सफल करें।

# भारत में वर्ष प्रतिपदा हिंदू कालगणना के वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर मनाई जाती है

**प्रह्लाद सबनानी**

भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार नए वर्ष का प्रारम्भ वर्षप्रतिपदा के दिन होता है। वर्षप्रतिपदा की तिथि निर्धारित करने के पीछे कई वैज्ञानिक तथ्य छिपे हुए हैं। ब्रह्मपुराण पर आधारित ग्रन्थ कथा कल्पतरु में कहा गया है कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन सूर्योदय के समय ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी और उसी दिन से सृष्टि संवत की गणना आरम्भ हुई। समस्त पापों को नष्ट करने वाली महाशांति उसी दिन सूर्योदय के साथ आती है।

वर्ष प्रतिपदा का स्वागत किस प्रकार करना चाहिए इसका वर्णन भी हमारे शास्त्रों में मिलता है। सर्वप्रथम सृष्टिकर्ता ब्रह्मा की पूजा ॐ का सामूहिक उच्चारण, नए पुष्पों, फलों, मिष्ठानों से युग पूजा और सृष्टि की पूजा करनी चाहिए। सूर्य दर्शन, सुर्यर्ध्य प्रणाम, जयजयकार, देव आराधना आदि करना चाहिए। परस्पर मित्रों, सम्बन्धियों, सज्जनों का सम्मान, उपहार, गीत, वाध्य, नृत्य से सामूहिक आनंदोत्सव मनाना चाहिए तथा परस्पर साथ मिल बैठकर समस्त आपसी भेदों को समाप्त करना चाहिए। चूंकि यह ब्रह्मा द्वारा घोषित सर्वश्रेष्ठ तिथि है अत इसको प्रथम पद मिला है, इसलिए इसे प्रतिपदा कहते हैं। हमारा यह शास्त्रीय विधान पूर्णतः विज्ञान सम्मत है। जागरण के इस काल में हमें काल पुरुष जगा रहा है, ऐसी सनातन संस्कृति में मान्यता है। आइये, हम भी हिंदुत्व के उगते सूरज के सम्मान और अभ्यर्थना में उठ खड़े हों।

**वैदिक शुभकामना**

**स्वस्ति न इन्द्रो वृद्श्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।**
**स्वस्ति नस्ताक्ष्र्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिरदधातु।।**

अर्थात, महान यशस्वी इंद्र एश्वर्य प्रदान करें, पूषा नामक सूर्य तेजस्विता प्रदान करें। ताक्षर्य नामक सूर्य रसायन तथा बुद्धि द्वारा रोग-शोक का निवारण करें तथा बृहस्पति नामक गृह सभी प्रकार के मंगल तथा कल्याण प्रदान करते हुए उत्तम सुख समृधि से ओतप्रोत करें। उक्त मन्त्र में खगोल स्थित क्रान्तिव्रत के समान चार भाग के परिधि पर समान दूरी वाले चार बिन्दुओं पर पड़ने वाले नक्षत्रों क्रमशः इंद्र, पूषा ताक्षर्य एवं बृहस्पति अर्थात चित्रा, रेवती, श्रवण ० पुष्य नक्षत्रों द्वारा क्रान्ति व्रत पर 180 अंश का कोण बनता है। यह वैदिक पुरुष द्वारा की गई जन कल्याण की कामना है।

वर्ष प्रतिपदा हिंदू काल गणना पर आधारित है और इसके साथ अन्य कई वैज्ञानिक तथ्य भी जुड़े हैं। इसी दिन वासंतिक नवरात्रि का भी प्रारम्भ होता है और वर्ष प्रतिपदा से ही नौ दिवसीय शक्ति पर्व प्रारम्भ होता है तथा सनातनी हिंदू इसी दिन से शक्ति की भक्ति में लीन हो जाते हैं। सतयुग के खंडकाल में भारतीय (हिन्दू) नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा



के दिन प्रारंभ हुआ था क्योंकि इसी दिन ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि की रचना का प्रारंभ किया गया था। आगे चलकर त्रेतायुग में वर्षप्रतिपदा के दिन ही प्रभु श्रीराम का लंका विजय के बाद राज्याभिषेक हुआ था। भगवान श्रीराम ने वानरों का विशाल सशक्त संगठन बनाकर असुरी शक्तियों (आतंक) का विनाश किया था। इस प्रकार अधर्म पर धर्म की विजय हुई और रामराज्य की स्थापना हुई थी। अगले खंडकाल अर्थात द्वापर युग में युधिष्ठिर संवत का प्रारम्भ भी वर्षप्रतिपदा के दिन हुआ था। महाभारत के धर्मयुद्ध में धर्म की विजय हुई और राजसूय यज्ञ के साथ युधिष्ठिर संवत प्रारम्भ हुआ। आगे कलयुग के खंडकाल में विक्रम संवत प्रारम्भ हुआ। सम्राट विक्रमादित्य की नवरत्न सभा की चर्चा आज भी चहुंओर होती है। यह भारत के परम वैभवशाली इतिहास का एक अति महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। इस नवरत्न सभा में निम्नलिखित रत्न शामिल थे - (1) धन्वन्तरि-आयुर्वेदाचार्य; (2) वररुचि-व्याकरणचार्य; (3) कालीदास-महाकवि; (4) वराहमिहिर-अंतरिक्षविज्ञानी; (5) शंकु-शिक्षा शाश्त्री; (6) अमरसिंह-साहित्यकार; (7) क्षणपक-न्यायविद दर्शनशास्त्री; (8) घटकर्पर-कवि; (9) वेतालभट्ट-नीतिकार। भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित कालगणना को विश्व की सबसे प्राचीन पद्धति माना जाता है। दरअसल भारत में कालचक्र प्रवर्तक भगवान शिव को काल की सबसे बड़ी इकाई के अधिष्ठाता होने के चलते ही उन्हें महाकाल कहा गया। वहीं कलयुग में विक्रमादित्य द्वारा नए संवत का प्रारम्भ परकीय विदेशी आक्रमणकारियों से भारत को मुक्त कराने के महाअभियान की सफलता का प्रतीक माना गया है।

इधर स्वतंत्र भारत की सरकार द्वारा राष्ट्रीय पंचांग निश्चित करने के उद्देश्य से प्रसिद्ध वैज्ञानिक डा. मेघनाद साहा की अध्यक्षता में एक कलैंडर रिफार्म कमेटी का गठन किया गया था। वर्ष 1952 में साइंस एंड कल्चर पत्रिका में प्रकाशित एक प्रतिवेदन के अनुसार, लगभग पूरे विश्व में लागू ईसवी सन का मौलिक सम्बंध ईसाई पंथ से नहीं है और यह यूरोप के अर्धसभ्य कबीलों में ईसामसीह के बहुत पहले से ही चल रहा था। इसके अनुसार एक वर्ष में 10 महीने और 304 दिन ही होते थे। वर्ष के कैलेंडर में जनवरी एवं फरवरी माह तो बाद में जोड़े गए हैं। पुरानी रोमन सभ्यता को भी तब तक ज्ञात नहीं था कि सौर वर्ष और चंद्रमास की अवधि क्या थी। यही दस महीने का साल वे तब तक चलाते रहे जब तक उनके नेता सेनापति जूलियस सीजर ने इसमें संशोधन नहीं कर लिया। ईसा के 530 वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद, ईसाई बिशप ने पर्याप्त कल्पनाएं कर 25 दिसम्बर को ईसा का जन्म दिवस घोषित किया। वर्ष 1572 में तेरहवें पोप ग्रेगोरी ने कैलेंडर को दस दिन आगे बढ़ाकर 5 अक्टोबर (शुक्रवार) को 15 अक्टोबर माना, जिसे ब्रिटेन द्वारा 200 वर्ष उपरांत अर्थात वर्ष 1775 में स्वीकार किया गया। साथ ही, यूरोप के कैलेंडर में 28, 29, 30, 31 दिनों के महीने होते हैं, जो विचित्र है क्योंकि यह न तो किसी खगोलीय गणना पर आधारित हैं और न ही किसी प्रकृति चक्र पर। उक्त वर्णित कारणों के चलते कैलेंडर रिफोर्म कमेटी ने विक्रम संवत को राष्ट्रीय संवत बनाने की सिफारिश की थी। विक्रम संवत, ईसा संवत से 57 साल पुराना था। परंतु, दुर्भाग्य से भारत में अंग्रेजी मानसिकता से ग्रसित लोगों के यह सुझाव पसंद नहीं आया और देश में यूरोप के कैलेंडर को लागू कर दिया गया। हालांकि, विदेशी सिद्धांतो पर आधारित गणनाओं में कई विसंगतियाँ पाई गई हैं।

# क्या अफजाल के जाल को काट पाएंगे बीजेपी के पारस?





प्रखर गाजीपुर। भाजपा ने चचाओं के गर्म बाजार को राजनीति के कुटनीतिक जल फौवारे से शांत करने का सफल प्रयास किया है। लेकिन गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए अपने प्रत्याशी की घोषणा करके राजनीति को एक बार फिर गर्म कर दिया है। गाजीपुर की राजनीति को चौंकाते हुए भाजपा ने पारसनाथ राय को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। पारसनाथ राय की घोषणा होते ही अटकलों का बाजार खत्म हो गया लेकिन जिले में सियासी पारा एक बार भी गरम हो गया है। नाम को लेकर राजनीतिक पंडित अलग-अलग तरीके से व्याख्या करने लगे हैं। लेकिन यह चर्चा भी सबसे ज्यादा रही और साबित भी हो गया कि गाजीपुर जिले में भारतीय जनता पार्टी के अंदर जो महामहीम चाहेंगे वही होगा! भले ही पारस नाथ राय भाजपा संघ से अपनी शुरूआत करते हुए, भाजपा की राजनीति में आए। लेकिन दूर-दूर तक उनके नाम की चर्चा नहीं थी। सूत्र बताते है कि बीजेपी की सक्रिय राजनीति में पारसनाथ राय बहुत सक्रिय नहीं थे। लेकिन मनोज सिन्हा गाजीपुर से जब भी चुनावी मैदान में उतरे, वो फ्रंट लाइन में रहकर उनका पूरा चुनावी कमान संभालते थे। लेकिन सवाल यह भी है कि पारसनाथ राय की राह क्या आसान होगी! अब देखना यह है कि पारसनाथ राय अफजाल के जाल को कैसे काटते हैं यह उनके लिए बड़ी जीत के साथ बड़ी चुनौती होगी। वहीं बीच में चर्चा यह भी चल रही थी कि जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के बेटे को यहां से चुनाव लड़ाया जाएगा। चचाओं के बीच मनोज सिन्हा के पुत्र गाजीपुर लोकसभा में सक्रिय भी हो गए थे। लेकिन मनोज सिन्हा के करीबी रहे पारसनाथ राय को टिकट देकर भाजपा ने सबको चौंका दिया। वहीं सूत्रों का कहना है कि बीजेपी ने मनोज सिन्हा के बेटे को टिकट इसलिए नहीं दिया कि बीजेपी में भी अन्य दलों की तरह वंशवाद बू न आए और विपक्ष उन पर हमलावर ना हो सके। जाति समीकरण की बात करें तो गाजीपुर लोकसभा सीट पर जातीय समीकरण ही पिछली बार भाजपा के हार का कारण बना था। और मनोज सिन्हा को भारी मतों के अंतर से अफजाल अंसारी ने हराया था। बताते चलें कि पूर्वांचल के बाहुबली माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी 2004 से 2009 तक पहले भी यहां से सांसद रह चुके हैं। इसी तरह मनोज सिन्हा भी दो बार सांसद रह चुके थे। आंकड़ों के अनुसार इस सीट पर सर्वाधिक संख्या यादव मतदाताओं की है और उनके बाद दलित एवं मुस्लिम मतदाता हैं। यादव, दलित और मुस्लिम मतदाताओं की कुल संख्या गाजीपुर संसदीय सीट की कुल मतदाताओं की संख्या की लगभग आधी है। यही कारण रहा कि मनोज सिन्हा पर अफजाल अंसारी भारी पड़ गये। इसके अलावा यादव बाहुल्य सीटों पर भाजपा की जीत में सवर्ण वोटरों के साथ कुशवाहा वोटर व कुछ अन्य ओबीसी वोटरों के जुड़ने के कारण होती रही है। लेकिन यहां कुशवाहा समाज पिछली बार कांग्रेस प्रत्याशी अजीत कुशवाहा के साथ चला गया था। कुशवाहा समाज की आबादी यहां ढाई लाख से अधिक है। इसके अलावा डेढ़ लाख से अधिक बिंद, पौने दो लाख के आसपास राजपूत और लगभग एक लाख वैश्य मतदाता हैं। अब अगर गाजीपुर लोकसभा के क्षेत्र में आने वाली विधानसभाओं की बात करें तो गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में आने वाली पांचो विधानसभाएं सपा के खेमे में है। बतादे कि पिछले विधानसभा चुनाव में सपा और ओपी राजभर की सुभासपा ने गठबंधन किया था। सभी पांच सीटों पर भाजपा और उसके सहयोगियों को हार मिली और सपा - सुभासपा ने सभी सीटें जीत ली थीं। जखनियां सीट पर सुभासपा के त्रिवेणी राम ने जीत हासिल की थी। सैदपुर सीट पर सपा के अंकित भारती, गाजीपुर सदर सीट पर सपा के जय किशन, जंगीपुर में सपा के वीरेंद्र यादव और जमानिया सीट पर सपा के ही पुराने नेता ओमप्रकाश सिंह विधायक चुने गए थे। अब सपा के पांचो विधायक होने के बाद पारसनाथ राय के लिए लोकसभा चुनाव बेहद चुनौती पूर्ण होगा। पारसनाथ राय विकास खंड मनिहारी अन्तर्गत सिखड़ी गांव के मूल निवासी हैं। इनके पिता स्वर्गीय श्री उमाकांत राय एक संभ्रांत किसान थे। पारसनाथ राय का सम्बंध पढ़ाई के दौरान बीएचयू में मनोज सिन्हा से हुआ। पढ़ाई समाप्त करने के बाद पारसनाथ राय ने सिखड़ी में आकर मालवीय जी के प्रेरणा से पंडित मदन मोहन मालवीय सिखड़ी इंटर कालेज की स्थापना के बाद क्षेत्रीय अभिभावकों के अनुनय सम्मान को महत्व देते हुए शबरी पीजी कालेज सिखड़ी की स्थापना की। बाद में सीबीएसई बोर्ड से संबंधित विद्या पब्लिक स्कूल भी संचालित किए।जब-जब मनोज सिन्हा गाजीपुर का लोकसभा चुनाव लड़ते थे, तब-तब उनके चुनाव संचालन में पारसनाथ राय महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। पहली बार सक्रिय राजनीति में भाजपा ने उन्हे लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। अब अगर पारस राय के बारे में बात की जाए तो पारसनाथ राय बहुत लम्बे समय से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े थे। वे 1986 मे संघ के जिला कार्यवाह सहित विभिन्न पदों पर सफल दायित्व निर्वहन कर चुके हैं। वर्तमान समय में संघ जौनपुर के सह विभाग सम्पर्क प्रमुख तथा क्रय विक्रय सहकारी समिति जंगीपुर के अध्यक्ष हैं। पारसनाथ राय शबरी महिला महाविद्यालय सिखड़ी, पं मदन मोहन मालवीय इंटर कालेज तथा विद्या पब्लिक स्कूल के प्रबंधक भी है। अब देखना है कि राजनीति और बाहुबल में मजे खिलाड़ी अफजाल अंसारी का सामना कैसे करते हैं।

## जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न टीमों द्वारा पकड़ी गई नगदी/अन्य वस्तुओं की जब्ती और छोड़े जाने पर जिला शिकायत समिति का किया गठन



चंदौली। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टी फुंडे ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश एवं भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान विभिन्न टीमों द्वारा पकड़ी गयी नगदी तथा अन्य वस्तुओं की जब्ती और इन्हें छोड़े जाने हेतु निम्नानुसार जिला शिकायत समिति का गठन किया जाता है। सुरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव मुख्य विकास अधिकारी, चन्दौली (अध्यक्ष) 9452758176, हरिश्चन्द्र, वरिष्ठ कोषाधिकारी/ प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल (संयोजक) 9936515420, मनोज गुप्ता, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, स्थानीय निधि लेखा, चन्दौली (सदस्य) 7905765171, उक्तानुसार गठित समिति लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान पुलिस अथवा स्टैटिक निगरानी दल या उड़नदस्ते द्वारा की गयी जब्ती के प्रत्येक मामले की जाँच करेगी तथा जहाँ समिति यह पाती है कि मानक प्रचालन प्रक्रिया के अनुसार जब्ती के सम्बन्ध में कोई प्राथमिकी शिकायत दर्ज नहीं की गई है या जहाँ जब्ती किसी अभ्यर्थी या राजनीतिक दल या किसी निर्वाचन अभियान इत्यादि से जुड़ी हुई नहीं है तो वह ऐसे प्रत्येक व्यक्तियों को जिनसे नगदी जब्त की गई थी को ऐसी नकदी रिलीज करने के बारे में इस आशय का स्पीकिंग आदेश जारी करने के पश्चात रिलीज आदेश जारी करने के लिए तत्काल कदम उठायेगी। समिति सभी मामलों का अवलोकन करेगी तथा जब्ती पर राजाज्ञा में उल्लिखित निदेर्शों के क्रम में निर्णय लेगी तथा इसे तिथिवार अभिलिखित करेगी तथा यदि रिलीज की जाने वाली नकदी रू0 10-00 (दस लाख) से अधिक है तो रिलीज किये जाने से पूर्व आयकर के नोडल अधिकारी को सूचित करेंगें। समिति यह भी सुनिश्चित करेगी कि जब्त की गई नकदी जब्त की गई बहुमूल्य वस्तुओं से सम्बन्धित मामले मालखाना या कोषागार में मतदान की तारीख के पश्चात 7 दिनों से अनधिक समय के लिए तब तक नहीं रखेंगें जब तक कि कोई प्राथमिकी/शिकायत न दर्ज की गयी हो।

## नव दिवसीय शतचंडी पाठ यज्ञ को निकली भव्य व दिव्य कलश यात्रा



दुबहर (बलिया)। स्थानीय क्षेत्र के ग्रामसभा रामपुर टिटिही में जय मां काली सेवा समिति के तत्वावधान में नव दिवसीय शतचंडी पाठ यज्ञ का आयोजन किया गया है। भव्य कलश एवं शोभायात्रा का आयोजन मंगलवार की सुबह सात बजे से किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे एक सौ इक्यावन कन्याओं के बाद हजारों महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे मां भगवती की जयकारा लगाते हुए गाजे-बाजे के बीच भक्ति की गोता लगाते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा में हर तरफ भक्ति का माहौल बना रहा। सर्वप्रथम कलश यात्रा की शुभारंभ रामपुर टिटिही मां काली मंदिर प्रांगण में स्थित यज्ञ स्थल से गांव का भ्रमण करते हुए बसरिकापुर, कछुआ,दोपही होते हुए ओझवलिया गंगा घाट से आचार्य भास्कर पांडेय एवं पंडित अशोक कुमार पांडेय के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा गया। ग्राम सभा ओझवलिया बसरिकापुर होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश स्थापित किया गया। कार्यक्रम संयोजक अशोक कुमार पांडेय ने बताया कि 10 अप्रैल दिन बुधवार की सायं बेला से पंडित मेघा शंकर पांडेय एवं अन्य प्रवचन कताओं द्वारा संगीत मय प्रवचन का रसपान कराया जाएगा। 17 अप्रैल दिन बुधवार को भव्य भंडारे के साथ पूणार्हुति का आयोजन किया गया है। यज्ञ में अक्षयवर दुबे, भोला शंकर पांडेय, मोहित दुबे, पवन पांडेय साहित आचार्यगणों द्वारा वैदिक मंत्रोचार के बीच यज्ञ की पूजा कराई जाएगी।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु टीडी कॉलेज के विभिन्न कक्षों का किया निरीक्षण



बलिया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल संपन्न कराने वाले मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार ने टी०डी० कॉलेज के मनोरंजन हाल, जयप्रकाश नारायण सभागार, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद व्याख्यान कक्ष सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश भी दिया। कालेज में सभी सात विधानसभाओं और बलिया के बाहर रहने वाले मतदाताओं के लिए वोटर फैसिलिटेशन सेंटर भी बनाया जाएगा। साथ ही मतदान कार्य में लगे कार्मिकों को मतदान करने के लिए इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट और पोस्टल बैलेट की व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण 1, 2, 3 और 4 मई को होगा। यह प्रशिक्षण प्रत्येक दिन दो पालियों में संपन्न होगा। प्रत्येक पाली में 850 (एक दिन में 1700) मतदान कार्मिकों को ईवीएम और वीवीपैट से संबंधित सैद्धांतिक और क्रियात्मक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मतदान कार्मिकों की सहायता और उपचार के लिए हेल्प डेस्क और मेडिकल डेस्क की भी स्थापना की जाएगी। पार्किंग की व्यवस्था ऑफीसर्स क्लब में की गई है। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ओजस्वी राज, जिविनि रमेश सिंह, डी सी मनरेगा डी०एन० पांडेय, टी०डी० कालेज के प्रधानाचार्य रविंद्र मिश्र सहित अन्य अधिकारी, अध्यापक एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### पहले दिन भक्तों ने किया शैलपुत्री का पूजन अर्चन

बलिया। या देवी सर्वभूतेषु मातृ रूपेश संस्थिता, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नमः।...के मंत्र से नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र का घर व मंदिर देवीमय हो गया। बासंतिक नवरात्र के पहले दिन मंगलवार को जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया तथा नारियल, चुनरी, धूप, गुड़हल चढ़ाकर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मां के जयकारे एवं घंट-घड़ियाल से मंदिर परिसर सहित पूरा क्षेत्र के देवीमय हो गया। तत्पश्चात लोगों ने अपने-अपने घरों में वैदिक मंत्रोच्चार व शुभ मुहुर्त में कलश की स्थापना कर दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन के लिए मंदिर के पट चार बजे भोर से ही खोल दिए गए थे। सुरक्षा के मद्देनजर भारी मात्रा में महिला व पुरुष पुलिसकर्मी मौजूद रहे। कुछ प्रमुख मंदिरों में सीसी टीवी कैमरे तक लगाए गए थे। ताकि अराजकतत्वों पर नजर रखी जा सकें। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बासंतिक नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिला।

## जंगली बाबा धाम पर वेदी पूजन के साथ शतचंडी महायज्ञ शुरू



गड़वार (बलिया)। संत शिरोमणि श्री जंगली बाबा के जन्मोत्सव पर क्षेत्र के श्री जंगली बाबा धाम मन्दिर परिसर में आचार्य पंडित राहुल उपाध्याय के संयोजकत्व में 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक आयोजित नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ के प्रथम दिवस मंगलवार को यज्ञाचार्य राजकिशोर मिश्रा (वाराणसी) व अन्य सहयोगी आचार्य गणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार व कर्मकांड विधि द्वारा पंचांग पूजन कर यजमानों का मंडप प्रवेश कराया गया। तत्पश्चात वेदी पूजन व वास्तु पूजन किया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान के रूप में राकेश तिवारी सपत्नीक हैं। वहीं मंदिर परिसर में बाबा श्री के दर्शन पूजन के लिए भी भक्तों की भीड़ रही। पूजन का कार्य पुजारी सुरेश उपाध्याय ने कराया।

## नव कुंडीय गायत्री महायज्ञ व पावन प्रज्ञा पुराण कथा के निमित्त निकली कलश यात्रा, मां गायत्री के लगे जयकारे



गड़वार (बलिया)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट बलिया द्वारा गड़वार कस्बा के चित्रा विहार सती माता स्थान पर 9 अप्रैल से बारह अप्रैल तक होने वाले चार दिवसीय नव कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण की कथा के निमित्त भव्य मंगल कलश यात्रा मंगलवार को यज्ञ स्थल से देव पूजा व कलश पूजा के उपरांत निकाली गई।कलश यात्रा में 108 पीतल का कलश महिलाएं अपने सिर पर लेकर समाज सुधारक नारे व गायत्री माँ व अन्य जयकारे लगाते हुए चल रही थीं। इस कलश यात्रा भारी संख्या में महिलाएं युवा प्रबुद्ध वर्ग शामिल होकर पूरे क्षेत्र के वातावरण को गायत्री मय बना दिए। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारम्भ होकर थाना चौराहा, मुख्य बाजार,त्रिकालपुर तिराहा होते हुए पूरे गांव में भ्रमण कर पुनः यज्ञ स्थल पर आकर संपन्न हुई। गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट के संरक्षक देवेंद्र नाथ उपाध्याय एवं शांतिकुंज से पधारे टोली नायक श्रीमान सिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य यजमान के रूप में विमल गुप्ता सपत्नीक हैं। कलश यात्रा में गायत्री परिवार के जिला समन्वयक रविंद्र नाथ पांडेय मुख्य प्रबंध ट्रस्टी अनिल श्रीवास्तव, प्रवीण दुबे, शिवकुमार उपाध्याय, घनश्याम राम, अंजनी वर्मा,अंजनी कुमार गुप्ता, निर्भय नारायण सिंह, राकेश पांडेय, डॉ. श्री कृष्ण यादव, विनोद शंकर गुप्त, अवधेश सिंह, शमशेर सिंह, लक्ष्मण गुप्ता, दयाशंकर चौरसिया, बब्बन वर्मा, रेनू सिंह, उषा सिंह, दुर्गावती सिंह, चंद्रावती, ओमनीष श्रीवास्तव विशाखा पांडेय आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### आरकेस्टा में काम करने वाली लड़की के खिलाफ गांव के ही दो किशोरियों को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

प्रखर हरपुर बुदहट गोरखपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव की आरकेस्टा में काम करने वाली लड़की के खिलाफ गांव के ही दो किशोरियों को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का नामजद मुकदमा किशोरियों की मांताओ ने थाने में तहरीर देकर दर्ज कराया है, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव की माताओं ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 7 अप्रैल को हमारे गांव की ही लड़की मिनाक्षी पुत्री फूलचंद जो आरकेस्टा में काम करती है, दिन में 11 बजे के करीब किशोरियों को बहला फुसलाकर भगा ले गई, काफी खोजबीन करने के बाद जब किशोरियों का पता नहीं चल सका तो थक हार कर गांव के ही लड़की मिनाक्षी पुत्री फूलचंद के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय ने बताया कि किशोरियों की मांताओ की तहरीर पर मिनाक्षी पुत्री फूलचंद के खिलाफ धारा 363 आईपीसी मुकदमा दर्ज कर किशोरियों की तलाश की जा रही है।

### आखिर भाजपा ने घोषित कर ही दिया लोक सभा प्रत्याशी गाजीपुर से ताल ठोकेंगे पारस राय



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी ने आज बहु प्रतीक्षित लोकसभा सीट गाजीपुर पर अपने प्रत्याशी घोषित करके तमाम अटकलों को विराम लगा दिया। मनिहारी ब्लाक के सिखड़ी निवासी पारसनाथ राय पुत्र स्व उमाकांत राय को पार्टी ने प्रत्याशी घोषित किया है। पारसनाथ राय का जन्म 2 जनवरी 1955 को हुआ था।साभ्रांत तथा सरल स्वभाव के पारस नाथ राय परास्नातक है तथा बहुत लम्बे समय से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े थे। वो 1986 मे संघ के जिला कार्यवाह सहित विभिन्न पदों पर सफल दायित्व निर्वहन कर चुके हैं। तथा वर्तमान समय में जौनपुर के सह विभाग सम्पर्क प्रमुख तथा क्रय विक्रय सहकारी समिति जंगीपुर के अध्यक्ष हैं।पारस राय जी शबरी महिला महाविद्यालय सिखड़ी,पं मदन मोहन मालवीय इंटर कालेज तथा विद्या भारती विद्यालय के प्रबंधक है। हालांकि गाजीपुर जनपद के राजनीतिक गलियारों में उठा पटक का दौरा शुरू हो गया है। वहीं राजनीतिक विश्लेषक जातिगत गुड़ा गणित और जोड़ तोड़ करना शुरू कर दिए है।

### मिलावटी एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने अभियान चलाकर संग्रहित किया नमूना



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ एवं जिलाधिकारी गाजीपुर के आदेश पर आर0सी0 पाण्डेय सहायक आयुक्त (खाद्य)-गाजीपुर के निर्देशन में जनपद में दिनांक 09.04.2024 एवं 10.04.2024 को आगामी चैत्र नवरात्र पर्व पर मिलावटी एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेषकर नवरात्र के अवसर पर तैयार होने वाले भोग/प्रसाद, सिंघाडे का आटा, कुट्टू का आटा व फलाहार की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने हेतु अभिसूचना आधारित प्रभावी प्रवर्तन/विशेष अभियान चलाकर कुल 06 नमूना संग्रहित किया गया, जिसका विस्तृत विवरण निम्नवत है जिसमें दिनांक 09.04.2024 को चोचकपुर मोड़ नन्दगंज गाजीपुर स्थित जेयस किराना स्टोर प्रतिष्ठान से किशमिश का 01 नमूना, चोचकपुर मोड़ नन्दगंज गाजीपुर स्थित पानीफल गुप्ता के प्रतिष्ठान से मखाना का 01 नमूना, पश्चिम रेलवे क्रासिंग नन्दगंज गाजीपुर स्थित अर्द्ध सैनिक कैन्टीन प्रतिष्ठान से किंग मखाना का 01 नमूना, दिनांक 10.04.2024 को सराय खाम, काजीटोला गाजीपुर स्थित रामजी एण्ड कम्पनी के प्रतिष्ठान से हनी (वैद्यनाथ ब्राण्ड) का 01 नमूना, झण्डातर, मारकीनगंज गाजीपुर स्थित तारा प्रसाद राजेश कुमार के प्रतिष्ठान से घी (गोवर्धन ब्राण्ड) का 01 नमूना, झण्डातर, मारकीनगंज गाजीपुर स्थित पारसनाथ यादव के प्रतिष्ठान से मखाना का 01 नमूना, संग्रहित नमूनें खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला, उ0प्र0 प्रेषित किये जा रहें है, जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम- 2006 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी। नमूना संग्रह की कार्यवाही खाद्य सुरक्षा अधिकारियों अवधेश कुमार, राजीव कुमार सिंह एवं समला प्रसाद यादव तथा शिवकुमार पटेल बहुउद्देशीय कार्मिक की टीम द्वारा की गयी।

### पैरामिलिट्री फोर्स व स्थानीय पुलिस बल के साथ किया गया एरिया डोमिनेशन/फ्लैग मार्च

रसड़ा बलिया। पुलिस अधीक्षक बलिया श्री देव रंजन वर्मा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों व लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने तथा तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना के दृष्टिगत आज दिनांक 09.04.2024 को प्रभारी निरीक्षक रसड़ा श्री छितिज त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस/पैरामिलिट्री फोर्स/ स्थानीय पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत में एरिया डोमिनेशन/फ्लैग मार्च किया गया। जनपदवासियों को भरोसा दिलाया गया कि आगामी त्यौहारों व लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन हर तरह से तैयार है साथ ही साथ लोगों को किसी भी अफवाह पर ध्यान न देते हुए अफवाह फैलाने वाले लोगों की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान पुलिस बल द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की गयी तथा लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए उनसे शान्ति, सहयोग व सौहार्द बनाये रखने की अपील की गयी। इस मौके पर स्थानीय पुलिस बल व पर्याप्त केन्द्रीय पुलिस बल मौजूद रहे।

### उमस भरी गर्मी कर रही बीमार, उल्टी दस्त, कमजोरी के मरीज बढ़े

बलिया। इन दिनों मौसम बदल रहा है। तेज धूप से उमस बढ़ गई है। उमस भरी गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। उल्टी दस्त, कमजोरी, बुखार, सिर दर्द के मरीज बढ़ते जा रहे हैं, जो उपचार के लिए जिले के सरकारी और निजी अस्पतालों में उपचार के लिए मरीज पहुंच रहे हैं। मंगलवार को जिला अस्पताल और सीएचसी, पीएचसी की ओपीडी में मरीजों की भरमार रही। सबसे अधिक मरीज बुखार, जुकाम, कमजोरी, सिरदर्द के उपचार के लिए पहुंचे। सभी को चिकित्सकों ने दवाईयां दी।इस समय उमस भरी गर्मी में बीमारियों का प्रकोप भी शुरू हो गया है। जिला अस्पताल में रोजाना 300 से अधिक मरीज बढ़ गए हैं। इनमें बच्चों व बुजुर्गों की संख्या अधिक है। इनमें अधिकांश सर्दी-जुकाम एलर्जी डॉयरिया व वायरल के मामले हैं। चिकित्सकों के अनुसार बदलते मौसम के बीच बीमारियों से बचाव के लिए बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। फिजिशियन डॉ.आर. के. झा ने बताया कि लापरवाही नहीं बरतें। बच्चे एवं बुजुर्ग दोपहर में बाहर नहीं निकले। वाहन पर बिना मुंह ढ़के आवाजाही नहीं करें। बार-बार ओ आर एस घोल कर पिएं, पानी की कमी न होनें दें।


## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने अपहृत मालवाहक जहाज मुक्त कराया

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस।** हैती की पुलिस एजेंसी ने समुद्री गिरोहों से पांच घंटे मुठभेड़ के बाद अपहृत मालवाहक पोत को मुक्त करा लिया। अधिकारियों ने कहा कि राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस के तट के पास शनिवार को हुई गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए और गिरोह के कई सदस्य मारे गए। पुलिस ने रविवार को कहा था कि दो गिरोहों के सदस्य अपहरण के लिए जिम्मेदार थे, जिनका नाम 5 सेकंड्स और तालिबान गैंग था। उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को बंदूकधारियों ने परिवहन जहाज मैगली को उस समय जब्त कर लिया था जब वह वररेक्स बंदरगाह से रवाना हुआ था। रेडियो टेली मेट्रोनोम ने बताया कि गिरोह ने जहाज पर सवार सभी लोगों का अपहरण कर लिया और जहाज पर लदे 60 हजार बोरी चावल में से लगभग 10 हजार बोरी चावल चुरा लिया।

### पिछले साल आपदाओं में से 25 हजार घर क्षतिग्रस्त

**यांगून।** म्यांमार में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मार्च के अंत तक आई आपदाओं ने 25,460 घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे 76,601 परिवार प्रभावित हुए है। सामाजिक कल्याण, राहत और पुनर्वास मंत्रालय के तहत आपदा प्रबंधन विभाग के निदेशक डॉव ले श्वे सिन ऊ ने मंगलवार को यह जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि म्यांमार में पिछले वित्तीय वर्ष में 2,016 आपदाएं दर्ज की गई, जिनमें आग से संबंधित 452 घटनाएं, पानी से संबंधित 144, हवा से संबंधित 661 और 759 अन्य शामिल है।

## इस्राइल-हमास संघर्ष से उत्पन्न संकट अमानवीय

**संयुक्त राष्ट्र (भाषा)।** भारत ने रमजान के महीने में गाजा में युद्धविराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को सकारात्मक कदम बताया और कहा कि इस्राइल-हमास संघर्ष से पैदा हुआ मानवीय संकट अस्वीकार्य है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में कहा, हम गाजा में जारी संघर्ष से बेहद चिंतित है। मानवीय संकट गहरा गया है और क्षेत्र एवं उसके बाहर अस्थिरता बढ़ रही है।



कंबोज ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा 25 मार्च को प्रस्ताव पारित किये जाने को सकारात्मक कदम के रूप में देखता है। संघर्ष के कारण बड़ी संख्या में नागरिक, विशेषकर महिलाएं और बच्चे मारे गए है। उन्होंने कहा, भारत संघर्ष में आम नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा करता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने रमजान के दौरान गाजा में तत्काल संघर्षविराम के प्रस्ताव को पिछले महीने पारित किया था। इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष के लगभग पांच महीने से अधिक बीतने के बाद यह प्रस्ताव पारित किया गया। पंद्रह राष्ट्रों वाली सुरक्षा परिषद ने 10 गैर-स्थाई निर्वाचित सदस्यों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को अपनाया। प्रस्ताव के पक्ष में 14 देशों ने मतदान किया, जबकि अमेरिका मतदान में शामिल नहीं हुआ। हालांकि, इससे कुछ दिन पहले ही 22 मार्च को रूस और चीन ने गाजा में तत्काल युद्धविराम संबंधी अमेरिकी प्रस्ताव पर वीटो का इस्तेमाल किया था। इस प्रस्ताव के तहत गाजा में नागरिकों की सुरक्षा और भुखमरी का सामना कर रहे 20 लाख से अधिक फिलिस्तीनी लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए गाजा में इस्राइल-हमास युद्ध को तत्काल रोके जाने का आह्वान किया गया था। कंबोज ने रेखांकित किया कि संघर्ष को लेकर भारत के रुख को देश के नेतृत्व ने कई अवसरों पर स्पष्ट रुप से व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमलों या बंधक बनाए जाने को किसी भी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल पर हुए आतंकवादी हमले चौंकाने वाले थे और निंदा के पात्र थे। कंबोज ने कहा, भारत का आतंकवाद के सभी स्वरूपों के खिलाफ लंबे समय से स्पष्ट रवैया रहा है और इस रुख में कोई बदलाव नहीं हुआ है। हम सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग करते है। कंबोज ने क्षेत्र में शांति स्थापित करने की दिशा में काम करने में संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों का स्वागत किया और कहा कि भारत ने फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान की है। ऐसे द्विराष्ट्र समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें फिलिस्तीनी लोग इस्राइल की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित सीमाओं के भीतर आजाद देश में स्वतंत्र रह सकें।

■ संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा, क्षेत्र के बाहर भी बढ़ रही हैं अस्थिरता

## चीन 'एक इंच' जमीन पर भी नहीं कर सकता कब्जा : अमित शाह

**लखीमपुर (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में चीन 'एक इंच' जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सकता है। उन्होंने दावा किया कि जनता कभी नहीं भूल सकती कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1962 में चीन के हमले के दौरान असम और अरुणाचल प्रदेश को 'बाय-बाय' कह दिया था।



असम के लखीमपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार ने बांग्लादेश से लगती सीमा को सुरक्षित किया और घुसपैठ पर रोक लगाई। शाह ने कहा, चीन द्वारा 1962 में किए गए हमले के दौरान नेहरू ने कहा था 'बाय-बाय' असम और अरुणाचल प्रदेश। इन राज्यों की जनता कभी इसे भूल नहीं सकती। लेकिन अब, चीन हमारी जमीन पर एक इंच भी कब्जा नहीं कर सकता। यहां तक डोकलाम में भी हमने उन्हें पीछे धकेल दिया। उन्होंने कहा कि असम की बांग्लादेश से लगती सीमा 'घुसपैठ के लिए खुली' थी। गृहमंत्री ने कहा, तब केंद्र में मोदी सरकार और यहां हिमंत विश्व शर्मा की सरकार आई। अब हम कह सकते है कि घुसपैठ रूक गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि असम की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने राज्य के साथ अन्याय किया और बड़ी संख्या में युवा अलग-अलग हिसक आंदोलनों और उग्रवाद संबंधी घटनाओं में मारे गए।

शाह ने कहा, 'मोदी सरकार के 10 साल के शासन में शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए है और 9000 युवाओं ने आत्मसमर्पण किया है।' उन्होंने रेखांकित किया कि सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) अधिनियम राज्य के 80 प्रतिशत इलाकों से हटा लिया गया है। शाह ने कहा, 'उन्होंने (असम) संधि की लेकिन शर्तो को लागू नहीं किया। हमने बोडो संधि पर हस्ताक्षर किए और दो साल के भीतर सभी शर्तें पूरी कर दी गई।' कांग्रेस के घोषणा पत्र पर निशाना साधते हुए उन्होंने दावा किया कि उसमें मुस्लिम पर्सनल लॉ का समर्थन किया। शाह ने तुलना करते हुए कहा, हिमंत विश्वशर्मा ने बाल विवाह रोका है। उत्तराखंड में सामान नागरिक संहिता है।

■ गृहमंत्री ने कहा, मोदी सरकार ने बांग्लादेश की लगती सीमा को सुरक्षित किया और घुसपैठ पर रोक लगाई

## जेल में इमरान खान की सुरक्षा पर प्रति माह 12 लाख रुपए का खर्च

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान में रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सुरक्षा पर हर महीने 12 लाख रुपए का खर्च आ रहा है। जेल अधिकारियों की ओर से लाहौर उच्च न्यायालय में पेश की गई रिपोर्ट के मुताबिक, 71 वर्षीय खान को जेल परिसर के अंदर विशेष सुविधाएं प्रदान की गई है जिसमें पांच लाख रुपए की लागत से पृथक सीसीटीवी प्रणाली शामिल है। यह सात हजार कैदियों की निगरानी करने वाली प्रणाली से अलग है।



'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के मुताबिक, खान का खाना सहायक अधीक्षक की निगरानी में एक अलग रसोई में पकाया जाता है और भोजन परोसे जाने से पहले मेडिकल अधिकारी या उपाधीक्षक उसकी जांच करते है। पूर्व प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य की जांच और इलाज के लिए 'होली फैमिली हॉस्पिटल' के छह से अधिक डॉक्टरों की टीम वहां मौजूद है। इसके अलावा एक विशेषज्ञ दल उनकी नियमित जांच करता है।

खान के पास सात विशेष कोठरी में से दो है जबकि पांच अन्य कोठरियों को सुरक्षा कारणों से बंद रखा गया है। इन कोठरियों में करीब 35 कैदियों को रखा जाता है।

खान की कोठरी तक पहुंच सीमित है, प्रवेश के लिए अनुमति की जरूरत होती है और उनके वार्ड की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पेशेवर रूप से प्रशिक्षित कर्मियों को नियुक्त किया गया है। खान की सुरक्षा में 15 कर्मी लगे है, जिनमें दो सुरक्षा अधिकारी और तीन उनकी निजी सुरक्षा के लिए है।

इसके अलावा, जेल परिसर में एक निर्दिष्ट क्षेत्र इमरान खान के टहलने के लिए निर्धारित किया गया है, जहां व्यायाम मशीन और अन्य सुविधाएं है। रिपोर्ट में अडियाला जेल की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जेल पुलिस, रेंजर्स और जिला पुलिस के सहयोगात्मक प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई है।

## बलूचिस्तान में बम विस्फोट, तीन की मौत

**कराची(भाषा)।** पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग-अलग बम विस्फोट में पुलिसकर्मी सहित तीन लोगों की मृत्यु हो गई तथा 20 अन्य लोग घायल हो गए। विस्फोट की घटनाएं मस्जिद और बाजार में हुईं।

पुलिस ने मंगलवार को दी गई जानकारी के अनुसार पहली घटना में सोमवार को प्रांत के क्वेटा जिले के कुचलक इलाके में मस्जिद में विस्फोट हुआ, जिसमें पुलिसकर्मी की मौत हो गई और 15 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया, जब मस्जिद में विस्फोट हुआ, उस समय लोग मगरिब की नमाज पढ़ रहे थे। दूसरी घटना के दौरान, बलूचिस्तान के खुजदार शहर में उमर फारूक चौक के पास एक बाजार में सोमवार को हुए बम विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह विस्फोट उस समय हुआ जब बाजार में ईद की खरीददारी करने के लिए महिलाओं और बच्चों की भीड़ थी। इस विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन बल घटनास्थल पर पहुंचे। घायल व्यक्तियों और शवों को खुजदार टीचिंग अस्पताल ले जाया गया। बम निरोधक दस्ते के अधिकारी दोनों स्थानों की जांच कर रहे है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उमर फारूक चौक और मस्जिद के पास खड़ी की गई मोटरबाइक में 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) लगाए गए थे। अधिकारी ने कहा, ऐसा लगता है कि मोटरबाइक में लगाए गए आईईडी को रिमोट के जरिए नियंत्रित किया गया था।

बलूचिस्तान में हुए इस हमले की अब तक किसी भी प्रतिबंधित संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन इस साल हाल के हफ्तों में प्रतिबंधित संगठनों और आतंकवादियों द्वारा प्रांत में कई आतंकी हमले किये गए है, जिसमें सुरक्षाबलों और प्रतिष्ठानों को भी निशाना बनाया गया है। प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने पिछले दिनों बलूचिस्तान के माच, ग्वादर बंदरगाह और तुरबत में एक नौसैनिक अड्डे पर तीन बड़े आतंकी हमले करने का दावा किया था। इस हमले में सुरक्षाबलों ने लगभग 17 आतंकवादियों को मार गिराया था।

■ मस्जिद और बाजार में हुईं विस्फोट की घटनाएं, 20 लोग घायल

### कराची का प्रशासन सेना को सौंपने की मांग

**कराची(भाषा)।** पाकिस्तान के वित्तीय केंद्र कराची में बढ़ते अपराध को देखते हुए सिंध प्रांत के विपक्ष ने शहर का प्रशासन सेना के हाथों में देने की मांग की है। विपक्षी मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के नेताओं ने प्रांत में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की सरकार पर हमला करते हुए कहा कि कराची के निवासियों को आंतरिक सिंध के अपराधियों और डकैतों के रहम-ओ-करम पर छोड़ दिया गया है। एमक्यूएम-पी के संयोजक मुस्तफा कमाल ने कहा, मैं कराची को तीन महीने के लिए पाकिस्तानी फौज को सौंपने का आह्वान करता हूं ताकि अराजकता और सड़कों पर होने वाले जुर्म पर काबू पाया जा सके। कराची पुलिस के आधिकारिक आंकड़े से पता चलता है कि इस साल अबतक शहर की सड़कों पर 16 हजार से अधिक अपराधों को अंजाम दिया जा चुका है।

### पाकिस्तान में 9 मई के दंगों के 20 दोषी रिहा

**रावलपिंडी(वार्ता)।** पाकिस्तान में चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) जनरल आसिम मुनीर ने नौ मई के दंगों में शामिल 20 दोषियों को सेना की हिरासत से रिहा कर दिया। जियो न्यूज ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि अटॉर्नी जनरल उस्मान अवान ने एक साल की सजा काट रहे 20 लोगों की रिहाई के संबंध में उच्चतम न्यायालय को रिपोर्ट सौपी है। सेना प्रमुख ने ईद-उल-फितर से पहले छह और सात अप्रैल को दोषियों को रिहा करने की अनुमति दी। रावलपिंडी के आठ, लाहौर के तीन, गुजरांवाला के पांच, दीर से तीन और मर्दान से एक निवासियों को रिहा किया गया। उच्चतम न्यायालय ने 23 दिसंबर 2023, को सेना अदालत को कम सजा वाले मामले की सुनवाई फिर से शुरू करने की अनुमति दी थी, जिसकी अध्यक्षता न्यायमूर्ति आमिन-उद-दीन खान कर रहे है।

## मिस्र, जॉर्डन व फ्रांस ने गाजा में तत्काल युद्धविराम का किया आग्रह

**काहिरा(आईएएनएस)।** मिस्र, जॉर्डन और फ्रांस ने गाजा पट्टी में तत्काल युद्धविराम का आग्रह किया है। गाजा पट्टी में छह महीने से इस्राइली बमबारी जारी है। शिन्हुआ ने बताया कि मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी, जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2728 को तत्काल और बिना शर्त लागू करने का आह्वान किया। इसमें गाजा में तत्काल युद्धविराम की बात कही गई है। नेताओं ने कहा,हम राफा पर इस्राइली हमले के खतरनाक परिणामों के खिलाफ चेतावनी देते हैं, जहां 1.5 मिलियन से अधिक फिलिस्तीनी नागरिकों ने शरण ले रखी है। इस तरह के हमले से केवल और अधिक मौतें और पीड़ा होगी। इससे क्षेत्रीय तनाव बढ़ने का भी खतरा है। नेताओं ने इस्राइल से फिलिस्तीनियों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने का भी आग्रह किया। उन्होंने सभी बंधकों की तत्काल रिहाई की मांग की और युद्धविराम, बंधकों व बंदियों के मुद्दों से निपटने के लिए मिस्र, कतर और संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में हो रही वार्ता का समर्थन किया।

### इस्राइल ने हवाई हमले रोकने को तैनात किया सी-डोम रक्षा प्रणाली


**यरुशलम(वार्ता)।** इस्राइल ने नई सी-डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली का उपयोग शुरू कर दिया है। डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने मंगलवार को कहा कि अकाबा की खाड़ी में स्थित एलाट शहर के क्षेत्र में नई सी-डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली के उपयोग से पहली बार दुश्मन के लक्ष्य को रोका गया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, विमान की घुसपैठ के संबंध में एलाट के क्षेत्र में बजने वाले सायरन के बाद आईडीएफ नौसेना बलों ने इस्राइली क्षेत्र में प्रवेश करने वाले संदिग्ध हवाई लक्ष्य की पहचान की। लक्ष्य को 'सी-डोम' नौसैनिक रक्षा प्रणाली द्वारा सफलतापूर्वक रोक दिया गया था। बयान में कहा गया है कि हमले में किसी को कोई क्षति नहीं पहुंची। इससे पहले मई 2023 में इस्राइली रक्षा मांलय ने कहा कि सी-डोम नामक आयरन डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली के समुद्र-आधारित संस्करण का परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा हो गया। सार-6 मैगन कार्वेट पर तैनात सी-डोम प्रणाली आयरन डोम प्रणाली पर आधारित है और इजरायल की स्तरित वायु और मिसाइल रक्षा प्रणाली की एक अतिरिक्त परत का प्रतिनिधित्व करती है।

### अल-सिसी और मुस्तफा ने की गाजा युद्धविराम पर चर्चा

**काहिरा (वार्ता)।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी और फिलिस्तीनी प्रधान मंत्री मोहम्मद मुस्तफा ने युद्धग्रस्त गाजा पट्टी में युद्धविराम तक पहुंचने के काहिरा के प्रयासों पर चर्चा की है। मिस्र के प्रेसीडेंसी ने कहा, अल-सिसी और मुस्तफा ने मिस्र की राजधानी काहिरा में बैठक के दौरान कैदियों की अदला-बदली के लिए मिस्र के प्रयासों और मौजूदा संकट का सामना करने के लिए क्षेत्र में पर्याप्त मानवीय सहायता की डिलीवरी की भी समीक्षा की। अल-सिसी ने इस बात पर जोर दिया कि उनका देश हमेशा फिलिस्तीन मुद्दे का समर्थक रहेगा। उन्होंने पुष्टि की कि फिलिस्तीनी मुद्दे का उचित समाधान क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता बहाल करने की गारंटी है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इस्राइल में हमास के उत्पात के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए इस्राइल ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला किया, जिसके दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए और 200 से अधिक को बंधक बना लिया गया।

## पाकिस्तान : पूर्व प्रधानमंत्री गिलानी सीनेट के सभापति निर्वाचित

**इस्लामाबाद(भाषा)।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रज़ा गिलानी मंगलवार को सीनेट के सभापति और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज़ (पीएमएल-एन) के सईद-अल खान नासिर उपसभापति निर्वाचित किए गए। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के सांसदों के विरोध के बीच, इन दोनों पदों पर दोनों नेता निर्विरोध निर्वाचित हुए। इन दोनों पदों पर गिलानी और नासिर के अलावा किसी और ने नामांकन नहीं भरा था।



सीनेट के सत्र की शुरुआत पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सदस्यों के विरोध के बीच हुई। उनकी मांग थी कि खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में सीनेटर के चुनाव होने तक सत्र को स्थगित किया जाए। केपी में दो अप्रैल को चुनाव होना था लेकिन प्रांतीय विधानसभा के आरक्षित सदस्यों की शपथ को लेकर हुए विवाद की वजह से उसे टाल दिया गया। इस महीने की शुरुआत में इस्लामाबाद, पंजाब और सिंध में सीनेट के चुनाव हुए, लेकिन पीटीआई शासित केपी प्रांत की 11 सीट पर चुनाव नहीं हो सके, क्योंकि प्रांतीय विधानसभा अध्यक्ष बाबर सलीम स्वाति ने आरक्षित सीट पर विपक्षी सदस्यों को शपथ दिलाने से इनकार कर दिया था। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने इन सीट के आवंटन के लिए पीटीआई और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) की याचिका को खारिज कर दिया था और इन सीट को पीपीपी, पीएमएल-एन और अन्य दलों को आवंटित कर दिया था।

## जर्मनी ने नरसंहार को बढ़ावा देने के आरोपों को किया खारिज

**हेग(एपी)।** जर्मनी ने इस्राइल को हथियार एवं अन्य सहायता मुहैया कर बर्लिन जिनेवा समझौता और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के उल्लंघन किए जाने के आरोपों का खारिज कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में निकारागुआ जर्मनी पर यह आरोप लगाया था।

जर्मनी की कानूनी टीम के सदस्य क्रिस्टियन टैम्स ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में 16 न्यायाधीशों के पैनल से कहा, निकारागुआ के आरोप बेबुनियाद है। सोमवार को निकारागुआ ने इस्राइल को जर्मन सैन्य सहायता रोकने का आग्रह करते हुए दलील दी थी कि बर्लिन के सहयोग ने गाजा में नरसंहार के कृत्यों और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के उल्लंघनों को बढ़ावा दिया। जर्मन कानूनी टीम की प्रमुख तानिया वोन उसलार-ग्लेसेन ने कहा, निकारागुआ का दावा बेबुनियाद है। वे इस्राइल द्वारा किए गए आकलन पर निर्भर है, जो इन कार्यवाहियों में पक्षकार नहीं है। सोमवार और मंगलवार को प्राथमिक सुनवाई अस्थाई उपायों के लिए निकारागुआ के अनुरोध पर मुख्य रूप से केंद्रित रही। इन उपायों में, इस्राइल को सैन्य या अन्य सहायता रोकने के लिए बर्लिन को अदालती आदेश और गाजा में संयुक्त राष्ट्र की सहायता एजेंसी को वित्तपोषण फिर से शुरू करना शामिल है।

टैम्स ने कहा कि जर्मनी ने अक्टूबर से इस्राइल को हथियारों की केवल चार खेप निर्यात की है जिनमें से तीन परीक्षण एवं अभ्यास उपकरण से संबंधित है। निकारागुआ का मामला गाजा पर इस्राइली आक्रमण को रोकने की नवीनतम कानूनी कोशिश है। पिछले साल के आखिर में इसी अदालत में, दक्षिण अफ्रीका ने इस्राइल पर नरसंहार का आरोप लगाया था। सोमवार की सुनवाई में, नीदरलैंड में नियुक्त निकारागुआ के राजदूत कार्लोस जोस अरगुएलो गोमेज ने जर्मनी पर नरसंहार रोकने के अपने दायित्वों को पूरा करने या अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन सुनिश्चित करने में नाकाम रहने का आरोप लगाया था।

■ अंतरराष्ट्रीय अदालत में निकारागुआ ने इस्राइल को हथियार और मदद देने का मामला उठाया

## अमेरिका में रिकॉर्ड संख्या में लोगों ने देखा सूर्य ग्रहण

**मेस्काइट (भाषा)।** समूचे उत्तर अमेरिका महाद्वीप में पूर्ण सूर्य ग्रहण की वजह से सोमवार को दिन में कुछ देर के लिए अंधेरा छा गया। यह अंधेरा चार मिनट 28 सेकंड रहा जो सात साल पहले अमेरिकी में सूर्य ग्रहण के दौरान हुए अंधेरे के समय की तुलना में लगभग दोगुना था क्योंकि चंद्रमा पृथ्वी के करीब था। सूर्य ग्रहण को महाद्वीप में रिकॉर्ड संख्या में लोगों ने देखा। पूर्ण सूर्य ग्रहण को उत्तर अमेरिका में लंबे पथ के कारण 'ग्रेट अमेरिकन एक्लिप्स' का नाम दिया गया। यह मैक्सिको, 15 अमेरिकी राज्यों और पूर्वी कनाडा के कुछ हिस्सों में दिखाई दिया। मैक्सिकों के मजाटलान शहर में सबसे पहले पूर्ण सूर्य ग्रहण सोमवार को प्रशांत महासागर के ऊपर देखा गया। पूर्ण सूर्य ग्रहण की शुरुआत प्रशांत समय सुबह 11:07 बजे मजाटलान में हुई और चार मिनट से थोड़ा ज्यादा समय तक चली।



नासा के अनुसार, ग्रहण का पथ मेक्सिको से होकर अमेरिका के टेक्सास होते हुए ओक्लाहोमा, अर्कांसस, मिसौरी, इलिनोइस, केंटुकी, इंडियाना, ओहियो, पेंसिल्वेनिया, न्यूयॉर्क, वरमोंट, न्यू हैम्पशायर और मैने पहुंचा। टेनेसी और मिशिगन के छोटे हिस्से में भी पूर्ण सूर्य ग्रहण देखा गया। नासा के लाइव प्रसारण के अनुसार, मैने राज्य के शहर पूर्ण सूर्य ग्रहण दिखने वाले अंतिम स्थान रहे। विभिन्न स्थानों पर भीड़ ने उत्साह और कोलाहल के साथ इस दृश्य को देखा कि कैसे चंद्रमा ने सूर्य को छिपा दिया है। कुछ स्थानों पर बादलों ने इस मनोरम दृश्य को अवरुद्ध किया, फिर भी लोग उत्साहित दिखे और दिन में थोड़ी देर के लिए अंधेरा होने को लेकर बहुत प्रसन्न नजर आये।

पूर्ण सूर्य ग्रहण तब होता है जब चंद्रमा सूर्य और पृथ्वी के बीच से गुजरता है, जिससे सूर्य पूरी तरह से छिप जाता है। आसमान में अंधेरा छा जाता है मानो सुबह या शाम हो गई हो।

## जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचाना देशों का दायित्व

**स्ट्रासबर्ग (एपी)।** यूरोप की शीर्ष मानवाधिकार अदालत ने मंगलवार को दिए एक फैसले में कहा कि उसके सदस्य देशों का दायित्व है कि वे अपने नागरिकों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचाएं। अदालत ने यह व्यवस्था 'सीनियर वुमेन फॉर क्लाइमेट प्रोटेक्शन' की दो हजार स्विस महिला सदस्यों की याचिका पर दी। हालांकि, अदालत ने छह पुर्तगाली युवाओं और फ्रांस के एक महापौर की दो अन्य याचिकाएं खारिज कर दी जिसमें सदस्य देशों को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के अंतरराष्ट्रीय वादे को बाध्यकारी बनाने का अनुरोध किया गया था।

तीनों याचिकाओं में पक्ष रख रहे वकीलों को उम्मीद थी कि स्ट्रासबर्ग की अदालत व्यवस्था देगी कि पेरिस जलवायु समझौते के लक्ष्यों के अनुरूप, ग्लोबल वार्मिंग को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस (2.7 डिग्री फ़ारेनहाइट) तक सुनिश्चित करना राष्ट्रीय सरकारों का कानूनी कर्तव्य है। लेकिन यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय अध्यक्ष, न्यायाधीश सियोफ्रा ओलेरी ने मिला-जुला फैसला दिया।

पुर्तगाली वादियों में से एक सोफिया ओलिवेरा (19) ने कहा, मुझे वास्तव में उम्मीद थी कि हम सभी देशों के खिलाफ जीतेंगे, इसलिए जाहिर तौर पर मै निराश हूं कि ऐसा नही हुआ।उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि स्विस महिलाओं के मामले में अदालत ने कहा है कि मानवाधिकारों की रक्षा के लिए सरकारों को अपने उत्सर्जन में और अधिक कटौती करनी चाहिए। तो उनकी जीत हमारी भी जीत है, और सभी की जीत है! मानवाधिकारों से संबंधित मौलिक संधि के संदर्भ में,अदालत ने पाया कि संधि की आठवीं अनुसूची में व्यक्तियों को देश की सरकार से उनके जीवन, स्वास्थ्य, कल्याण और जीवन की गुणवत्ता पर जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रतिकूल प्रभाव से सुरक्षा देने की मांग करने का अधिकार है। यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय के फैसले यूरोपीय परिषद के सभी 46 सदस्य देशों के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है, लेकिन वे एक कानूनी मिसाल कायम करते है जिसके आधार पर भविष्य के मुकदमों का फैसला किया जा सकता है। यूरोपीय संघ का वर्तमान में 2050 तक जलवायु-तटस्थ (एक ऐसी अर्थव्यवस्था जिसमें शुद्ध-शून्य ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन हो) होने का लक्ष्य है। संघ के कई सदस्यों ने कहा है कि 2030 के लक्ष्य को पूरा करना आर्थिक रूप से संभव नहीं होगा। यूरोपीय संघ में स्विट्जरलैंड शामिल नहीं है। जलवायु समूहों को भरोसा था कि 17 न्यायाधीश उनके पक्ष में फैसला सुनाएंगे, लेकिन मिश्रित निर्णय नीदरलैंड की शीर्ष अदालत द्वारा पहले दिए गए फैसले को कमजोर कर सकता है।

■ यूरोप की शीर्ष मानवाधिकार अदालत ने 'सीनियर वूमेन फॉर क्लाइमेट प्रोटेक्शन' की ओर से दाखिल मामले पर दिया फैसला

## संक्षिप्त खबरें

### टाटा एआईजी का दुकान बीमा

मुंबई। साधारण बीमा कंपनी टाटा एआईजी दुकान बीमा के प्रति लोगों को जागरूक करने की तैयारी की है। कंपनी के कार्यकारी उपाध्यक्ष और प्रमुख एसएमई प्रणय शाह ने कहा कि कंपनी इस बात पर विचार कर रही है कि वह व्यवसायों की सुरक्षा में भागीदार कैसे बन सकती है। उन्होंने कहा कि टाटा एआईजी की दुकान बीमा पालिसी किराने की दुकानों से लेकर इलेक्ट्रानिक दुकानों तक सभी आकार के व्यवसायों के लिए व्यापक सुरक्षा प्रदान करती है।

### एमएसएमई के लिए योजना

नई दिल्ली। गोदरेज कैपिटल लखनऊ और कानपुर समेत यूपी के सभी शहरों में एमएसएमई पेशकशों का करेगी। गोदरेज कैपिटल के मुख्य व्यवसाय अधिकारी पंकज गुप्ता ने कहा, गोदरेज कैपिटल पूरे क्षेत्र में एमएसएमई को पर्याप्त सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से अपने नवाचारी ऋण उत्पादों को पेश करेगा, जिसमें फ्लेक्सी फंड, डिज़ाइन योर ईएमआई और बिज़ रिवाड्र्स शामिल हैं। कंपनी निर्माण प्लेटफार्म के माध्यम से उत्तर प्रदेश के एमएसएमई को पहले से ही सेवा प्रदान कर रही है।

### चिकित्सा मित्र ई-क्लीनिक

नई दिल्ली। ऑनलाइन चिकित्सा मित्र, एक अग्रणी टेलीमेडिसिन-संचालित ग्रामीण स्वास्थ्य-तकनीक स्टार्ट-अप है जो कि देश भर में ई-क्लीनिक स्थापित करके भारतीयों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रहा है। सह-संस्थापक स्मृति टंडन ने बताया कि, भारत में प्रत्येक 1400 मरीजों पर सिर्फ 1 डॉक्टर है, हम इस अंतर को कम करने के लिए पूरे भारत में 1 लाख ई-क्लीनिक स्थापित करने के मिशन पर हैं।

### शार्प में नई नियुक्ति

नई दिल्ली। शार्प ने अपने भारतीय कारोबार के लिए सुजाई करमपुरी को अध्यक्ष नियुक्त किया है। अपनी नई भूमिका के तहत, सुजाई करमपुरी डिस्प्ले बिज़नेस का नेतृत्व करेंगे और भारत में शार्प की ब्रैंड उपस्थिति को बढ़ाने में योगदान देंगे। और सबसे महत्वपूर्ण, वे शार्प के उन्नत इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स, कंपोनेंट्स और सॉल्यूशंस की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

### जेके सीमेंट ने किया विस्तार

नई दिल्ली। जेके सीमेंट ने ग्रे सीमेंट कारोबार के लांच के साथ पूर्वी भारत में विस्तार की घोषणा की। जेके सीमेंट ने शुरुआती चरण में दक्षिणी बिहार के नौ ज़िलों को कवर करने की योजना बनाई है। शुरुआती लॉन्च के तहत कंपनी बिहार में जेके सुपर सीमेंट पर ध्यान केन्द्रित करेगी। इस अवसर पर डॉ राघवपत सिंघानिया, मैनेजिंग डायरेक्टर, जेके सीमेंट ने कहा, 'यह विस्तार देश भर में हमारी मौजूदगी को सशक्त बनाने और बिहार के बुनियादी विकास में योगदान देने के हमारे लक्ष्य के अनुरूप है।(एजेंसियां)

# पहली बार 75000 का आंकड़ा छूकर लौटा सेंसेक्स

■ कारोबार के दौरान 59 अंक गिरकर 74684 पर पहुआ बंद ■ सत्र के दौरान 382 अंक चढ़कर 75124 तक पहुंचा था सेंसेक्स

मुंबई (भाषा)।

स्थानीय शेयर बाजारों में रिकार्ड तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 59 अंक के नुकसान में रहा। हालांकि, शुरुआती कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स एक समय पहली बार 75,000 अंक के स्तर को पार कर गया था। वहीं निफ्टी ने भी अपना नया सर्वकालिक उच्चस्तर छुआ था।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 58.80 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,683.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 381.78 अंक चढ़कर रिकार्ड 75,124.28 अंक पर पहुंच गया था।

नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 23.55 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,642.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 102.1 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ अपने अबतक के उच्चतम स्तर 22,768.40 अंक पर पहुंच गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो और आईटीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, नेस्ले और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं।



एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढत में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में सोमवार को मिला-जुला रुख रहा।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'घरेलू शेयर बाजार कारोबार के दौरान नये शिखर पर पहुंच गया था लेकिन बाद में मुनाफावसूली से यह नुकसान में रहा। इसका कारण अमेरिका में कल जारी होने वाले मुद्रास्फीति के आंकड़ें हैं। इसके आधार पर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के आने वाले समय में नीतिगत दर में कटौती के बारे में अंदाजा लगेगा। हाल में उम्मीद से बेहतर रोजगार और विनिर्माण के आंकड़ों को लेकर भी चिंता बढ़ी है। इसको देखने से लगता है कि इस साल नीतिगत दर में कटौती आगे खिसक सकती है।'

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 684.68 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

## 16वें वित्त आयोग के सदस्य बने मनोज पांडा

नई दिल्ली (भाषा)।

सरकार ने अर्थशास्त्री मनोज पांडा को 16वें वित्त आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता वाले 16वें वित्त आयोग में चार सदस्य है।

पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा और सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू आयोग के पूर्णकालिक सदस्य है, जबकि एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष अंशकालिक सदस्य है। अधिसूचना के अनुसार, सदस्य कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से रिपोर्ट जमा करने तक या 31 अक्टूबर 2025 तक (जो भी पहले हो) पद पर बने रहेंगे। अर्थ ग्लोबल के ईडी निरंजन राजाध्यक्ष द्वारा आयोग में शामिल होने में असमर्थता व्यक्त करने के बाद पांडा की नियुक्ति की गई।

# इस्पात आयात में वृद्धि आत्मनिर्भर मिशन के लिए 'चेतावनी संकेत'



नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय इस्पात उद्योग ने वित्त वर्ष 2023-24 में देश के इस्पात का शुद्ध आयातक बनने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह ऐसे देश के लिए एक 'चेतावनी संकेत' है जो आत्मनिर्भर बनने का प्रयास कर रहा है। इस्पात मंत्रालय की संयुक्त संयंत्र समिति के अनुसार, भारत ने तैयार इस्पात के आयात में 38 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की यानी 83.19 लाख टन तैयार इस्पात का आयात किया, जो वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 60.22 लाख टन था। शीर्ष उद्योग निकाय भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) के महासचिव आलोक सहाय ने कहा, 'चीन से आयात में वृद्धि इस्पात में आत्मानिर्भरता के लिए एक बड़ा खतरा यानी बाजार को बिगाड़ने वाला है। देश का शुद्ध आयातक बनना आत्मनिर्भरता (की ओर हमारे कदम के लिए एक चेतावनी संकेत है।'

उन्होंने आयात को रोकने के लिए तत्काल आधार पर व्यापार उपचारात्मक कार्रवाई की मांग की। सहाय ने कहा, 'कम शुल्क नियम से आयातकों को मदद मिलती है। इसे बिना किसी देरी के हटाने और अधिसूचित करने की आवश्यकता है, ताकि चीन या कोई अन्य स्टील-अधिशेष उत्पादन वाला देश भारत की वृद्धि गति का उपयोग अपनी इस्पात मिलों को समर्थन देने के लिए न करें। आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील के मुख्य विपणन अधिकारी रंजन धर ने कहा कि भारत के इस्पात उद्योग को आक्रामक आयात से खतरा है।

## आरबीआई ने शुरू किया विनिर्माण क्षेत्र की कंपनियों का सर्वे

मुंबई (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विनिर्माण कंपनियों के तिमाही आर्डर, माल भंडार और क्षमता उपयोग के संबंध में सर्वे का अगला दौर शुरू किया है। इस सर्वे से केंद्रीय बैंक को अपनी मौद्रिक नीति बनाने में मदद मिलती है।

रिजर्व बैंक ने कहा कि सर्वे का 65वां दौर जनवरी-मार्च, 2024 (2023-24 की चौथी तिमाही) के लिए है। रिजर्व बैंक 2008 से तिमाही आधार पर विनिर्माण क्षेत्र के आर्डर, माल भंडार और क्षमता उपयोग के संबंध में सर्वे आयोजित कर रहा है। सर्वे में जुटाई गई जानकारी में संबंधित तिमाही में मिले नए ऑर्डर, तिमाही की शुरुआत में मौजूद आर्डर और तिमाही के अंत में लंबित आर्डर के आंकड़े शामिल है।

सर्वे में विनिर्माण कंपनियों के क्षमता उपयोग के स्तर (सीयू) का अनुमान लगाया जाता है। रिजर्व बैंक इस सर्वे के निष्कर्ष को तो प्रकाशित करता है, लेकिन कंपनी स्तर के आंकड़ों को गोपनीय मानकर इनका खुलासा नही किया जाता है।

# देश में चने की पर्याप्त पैदावार

■ सरकार ने कहा, इसकी उपलब्धता को लेकर ना हों फिक्रमंद

■ एमएसपी पर चने की खरीद शुरू की गई ■ कस्टम में फंसी दालों को लेकर बैठक आज

नई दिल्ली (भाषा)।

केंद्र ने मंगलवार को कहा कि उसने कीमतों पर नियंत्रण रखने तथा अपनी कल्याणकारी योजनाओं के तहत वितरण करने की मंशा रखने वाले राज्यों की मांग को पूरा करने के मकसद से बफर स्टाक बनाने को किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर चना खरीदना शुरू कर दिया है।



उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने संवाददाताओं से कहा कि कृषि मंत्रालय ने संकेत दिया है कि चने की बेहतर पैदावार बरकरार है और 'फिलहाल उत्पादन को लेकर कोई चिंता नहीं है।' उन्होंने कहा कि इस बीच, राज्यों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि व्यापारियों, आयातकों और मिल मालिकों को जमाखोरी और मूल्यवृद्धि को रोकने के लिए 15 अप्रैल से प्रभावी नियम के तहत दालों के अपने स्टाक की स्थिति की घोषणा करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि उपभोक्ता मामलों के विभाग ने सीमा शुल्क में पड़ी आयातित दालों के मुद्दे पर आयातकों, व्यापारियों, सीमा शुल्क और राज्य के अधिकारियों के साथ चर्चा करने के लिए बुधवार को एक बैठक बुलाई है। रबी विपणन सत्र 2024-25 के लिए चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5,440 रुपये प्रति क्विंटल है। खरे ने कहा, 'चने की फसल की आवक बढ़ने से मंडी की कीमतें नरम हो गई हैं और एमएसपी स्तर पर पहुंच गई हैं। हमने अभी खरीद अभियान शुरू किया है।'


सहकारी संस्थाएं नेफेड और एनसीसीएफ मूल्यवृद्धि को रोकने के लिए बाजार में जारी की जाने वाले दालों के स्टाक को बनाए रखने के लिए मूल्य स्थिरीकरण निधि (पीएसएफ) योजना के हिस्से के रूप में चने की खरीद का कार्य कर रही हैं। खरे ने कहा कि केंद्र खरीद को सुव्यवस्थित करने के लिए विभिन्न राज्य सरकारों के साथ चर्चा कर रहा है और झारखंड जैसे गैर-पारंपरिक दाल उत्पादक राज्यों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

अपनी कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से वितरण के लिए राज्य सरकारों की ओर से चने की मांग बढने के साथ सचिव ने कहा कि अब उपलब्धता के मामले में बफर स्टॉक पर दबाव है।

# मीडिया कंपनियों में नई भर्तियों की गुंजाइश कम हुई

मुंबई (भाषा)।

चालू साल की पहली छमाही में मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में पढ़ाई पूरी कर निकले युवाओं को भर्ती करने की मंशा में तीन प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। टीमलीज एडटेक की तरफ से जनवरी-जून, 2024 के लिए जारी करियर परिदृश्य रिपोर्ट कहती है कि मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग पढ़ाई पूरी कर निकले युवाओं की भर्ती करने के मामले में अन्य उद्योगों के उलट रुझान दिखा रहा है। अगर समूचे उद्योग जगत की भर्ती मंशा को देखें तो इसमें सालाना आधार पर छह प्रतिशत की बढ़त देखी गई है।




यह रिपोर्ट देश के 18 विभिन्न उद्योगों से संबंधित 526 छोटी, मझोली एवं बड़ी कंपनियों के बीच कराए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। इसके मुताबिक, मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में भर्ती के रुझान में भी शहरों में नौकरी की भूमिकाओं के लिए अलग-अलग प्राथमिकताएं पाई गईं। वीडियो संपादन में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दिल्ली का दबदबा रहा जबकि बेंगलुरु 23 प्रतिशत के साथ उत्पादन सहायकों में आगे है। रिपोर्ट कहती है कि यूनिटी डेवलपर्स के लिए मुंबई और दिल्ली क्रमशः 25 प्रतिशत और 21 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ आगे है जबकि चेन्नई 21 प्रतिशत के साथ एसईओ गतिविधियों के लिए पसंदीदा रहा। वहीं मुंबई ने 19 प्रतिशत ग्राफिक डिजाइनरों को रोजगार दिया।

टीमलीज एडटेक के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शांतनु रूज ने कहा, 'ऐसा लगता है कि मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र नई भर्तियों के मामले में अभी मजबूती पाने की कोशिश कर रहा है। वही अन्य उद्योग सकारात्मक आर्थिक धारणा का लाभ उठा रहे है।' उन्होंने कहा कि मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में कम भर्तियों के लिए कारोबार के नए मॉडल सामने आने, प्रौद्योगिकी की वजह से पैदा हुए व्यवधानों और बदलते उपभोक्ता व्यवहार जैसे कारकों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

## सोने, चांदी के भाव रिकार्ड उच्चस्तर पर

नई दिल्ली (भाषा)। मजबूत वैश्विक रुख के बाद मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन रिकार्ड बनने का सिलसिला जारी रहा और दोनों बहुमूल्य धातुओं की कीमतें नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं।

राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 140 रुपये की तेजी के साथ 71,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गई। सोमवार को सोना 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 500 रुपये के उछाल के साथ 84,500 रुपये प्रति किलोग्राम की नयी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई, जबकि सोमवार को पहली बार चांदी ने 84,000 रुपये के स्तर को लांघा था।

# निवेशक मंच की बैठक पांच जून से सिंगापुर में

नई दिल्ली (भाषा)। इंडो-पैसेफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फार प्रासपैरिटी (आईपीईएफ) सिंगापुर में निवेशक मंच बैठक का आयोजन करेगा। इसमें घरेलू जलवायु तकनीकी उद्यमियों और कंपनियों को अपने उत्पादों को वैश्विक निवेशकों के सामने प्रदर्शित और पेश करने का मौका मिल सकता है। भारत और अमेरिका समेत 14 सदस्यीय मंच का मकसद सदस्य देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाना है।

वाणिज्य मंत्रालय ने बयान में कहा कि सरकार ने पांच-छह जून को होने वाली बैठक में भाग लेने के लिए घरेलू जलवायु तकनीकी उद्यमियों और कंपनियों से आवेदन आमंत्रित किये हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 अप्रैल है और आवेदनों का मूल्यांकन क्षेत्रीय और उद्योग विशेषज्ञ करेंगे। बयान के अनुसार, 'शीर्ष 100 कंपनियों की घोषणा मई, 2024 की शुरुआत में की जाएगी और छांटी गई कंपनियों को सिंगापुर में निवेशक मंच पर अपने उत्पाद दिखाने और उसके बारे में जानकारी देने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।' आईपीईएफ की शुरुआत मई, 2022 में की गयी थी। इसमें ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, फिजी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलिपीन, सिंगापुर, थाइलैंड, अमेरिका और वियतनाम हैं।

# विलय और अधिग्रहण से जुड़ी गतिविधियां बढ़ीं

■ मार्च तिमाही में दो साल के उच्च स्तर पर पहुंचीं

मुंबई (भाषा)।

रिलायंस और डिज्नी के बीच विलय संबंधी 8.5 अरब डालर के सौदे ने मार्च तिमाही में कुल विलय एवं अधिग्रहण गतिविधियों को दो साल के उच्चस्तर पर पहुंचा दिया है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।



■ जनवरी से मार्च के बीच देश में विलय और अधिग्रहण सौदों की कुल संख्या 427 पर पहुंची

सलाहकार फर्म ग्रांट थॉर्नटन भारत ने इस रिपोर्ट में कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही में विलय एवं अधिग्रहण सौदों समेत कुल लेनदेन मामूली रूप से बढ़कर 427 हो गए, जबकि अक्टूबर-दिसम्बर तिमाही में कुल 422 सौदे हुए थे। हालांकि, बीती तिमाही में हुए कुल सौदों का मूल्य 43 प्रतिशत बढ़कर 20.41 अरब डालर हो गया।

यह अप्रैल-जून, 2022 की तिमाही के बाद से लेनदेन सौदों का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तिमाही का सबसे महत्वपूर्ण सौदा रिलायंस की मीडिया कंपनी वायकॉम18 का स्टार इंडिया के साथ विलय का था। इससे 8.5 अरब डालर के उद्यम मूल्य का सृजन हुआ।

मार्च तिमाही में 10 करोड़ डालर से अधिक मूल्य वाले सौदों की संख्या 36 प्रतिशत घटकर 18 रह गई जबकि अरबों डालर मूल्य के सौदों की संख्या दिसंबर तिमाही की तुलना में बढ़ गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, बीती तिमाही में 12 अरब डालर मूल्य के तीन सौदे हुए जो इस तिमाही में हुए कुल सौदों के मूल्य का लगभग 59 प्रतिशत है। कुल सौदों में विलय एवं अधिग्रहण के 120 लेनदेन शामिल थे जबकि शेष सौदे निजी इक्विटी (पीई) लेनदेन के थे।

आलोच्य तिमाही में पीई गतिविधियां 8.1 अरब डालर के 307 सौदों के साथ बढीं, जो पिछली तिमाही की तुलना में मूल्य के हिसाब से 51 प्रतिशत और मात्रा के हिसाब से 10 प्रतिशत अधिक है। इस तिमाही मात्रा के लिहाज से खुदरा क्षेत्र सबसे आगे रहा।

उसके बाद आईटी और बैंकिंग का स्थान रहा। दूसरी तरफ मूल्य के लिहाज से मीडिया एवं मनोरंजन, दूरसंचार और खुदरा क्षेत्र आगे रहे।

## पेटीएम पेमेंट्स बैंक के एमडी, सीईओ का इस्तीफा

नई दिल्ली (भाषा)।

मुश्किलों में घिरी भुगतान कंपनी पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुरिंदर चावला ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। चावला ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है।

पेटीएम ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने मंगलवार को शेयर बाजार को इस इस्तीफे की सूचना दी। कंपनी ने कहा, 'पीपीबीएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुरिंदर चावला ने व्यक्तिगत कारणों और बेहतर करियर की संभावनाएं तलाशने के लिए आठ अप्रैल, 2024 को इस्तीफा दे दिया।

# अनुचित व्यवहार को बढ़ावा दे रहा शिक्षा प्रौद्योगिकी में निवेशकों का वित्त पोषण

नई दिल्ली (भाषा)।

बायजू समूह की कंपनी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपक मेहरोत्रा ने कहा कि शिक्षण प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेशकों का वित्त पोषण अनुचित व्यवहार को बढ़ावा दे रहा है जो उद्योग के लिए अच्छा नहीं है।

मेहरोत्रा को सोमवार को एईएसएल का सीईओ नियुक्त किया गया था। उन्होंने एक बातचीत में कहा कि अकेले डिजिटल बड़े संस्थानों में प्रवेश पाने के इच्छुक मेडिकल तथा इंजीनियरिंग छात्रों की आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर सकता है। नए शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं पर गौर करना जरूरी है।

■ आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के नए एमडी एवं सीईओ दीपक मेहरोत्रा ने जताई चिंता

मेहरोत्रा ने कहा, 'निवेशकों का वित्त पोषण स्पष्ट रूप से ऐसे व्यवहार को बढ़ावा दे रहा है जो किसी के लिए अच्छा नहीं है। मैं केवल यही उम्मीद करता हूं कि समझदारी से काम किया जाए।' मेहरोत्रा से शिक्षण प्रौद्योगिकी और परीक्षण तैयारी क्षेत्र में एकीकरण की आवश्यकता के बारे में सवाल किया गया था, जिसके लिए कई कंपनियों के बिजनेस माडल में बहुत सारे बदलाव किए गए हैं।

सितम्बर 2023 में अभिषेक माहेश्वरी के कंपनी से इस्तीफा देने के बाद से आकाश में सीईओ का पद रिक्त था। मेहरोत्रा के पास एफएमसीजी (दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुओं) , दूरसंचार और शिक्षा क्षेत्र में काम करने का अनुभव है।

# जनवरी से मार्च के बीच 68% बढ़ी घरों की बिक्री

नई दिल्ली (भाषा)।

इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान मूल्य के लिहाज से घरों की बिक्री 68 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.11 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। रियल एस्टेट ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर के अनुसार इस दौरान प्रमुख शहरों में मात्रा और मूल्य दोनों के लिहाज से तेजी रही।

प्रॉपटाइगर डॉट कॉम ने अपनी तिमाही रिपोर्ट 'रियल इनसाइट रेजिडेंशियल : जनवरी-मार्च 2024' में कहा कि मूल्य के लिहाज से आवास बिक्री इस साल जनवरी-मार्च में 1,10,880 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान अवधि में 66,155 करोड़ रुपये थी।




आरईए इंडिया के समूह मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) और प्रॉपटाइगर डॉट कॉम के कारोबार प्रमुख विकास वधावन ने कहा, ''घरों की बिक्री में मात्रा और मूल्य, दोनों लिहाज से वृद्धि समग्र अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि सीमेंट और इस्पात सहित 200 से अधिक सहायक उद्योग इस पर निर्भर हैं।'

■ घरों के मूल्य और मात्रा दोनों ही लिहाज से दर्ज हुई बढ़त
■ क्षेत्रफल के लिहाज से आवास की बिक्री 63 फीसद बढ़ी
■ संख्या के लिहाज से घरों की बिक्री में 41 फीसद की तेजी

उन्होंने कहा कि इस साल की पहली तिमाही में क्षेत्रफल के लिहाज से आवास बिक्री 63 प्रतिशत बढ़कर 16.2 करोड़ वर्ग फुट हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 9.9 करोड़ वर्ग फुट थी।


समीक्षाधीन अवधि में संख्या के लिहाज से घरों की बिक्री 41 प्रतिशत बढ़कर 1,20,640 इकाई हो गई, जो पिछले साल की इसी अवधि में 85,840 इकाई थी।

## एक मई से 30 जून तक बिना पाबंदी के आयात करें तरबूज का बीज

नई दिल्ली (भाषा)।

सरकार ने तरबूज के बीज का एक मई से 30 जून तक बिना किसी पाबंदी के आयात करने की अनुमति दे दी है। यह अनुमति वास्तविक प्रयोगकर्ताओं से लेकर इस जिंस के पात्र प्रसंस्करणकर्ताओं के आधार पर होगी।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के अनुसार, तरबूज के बीज के लिए वैध एफएसएसएआई (भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक



प्राधिकरण) निर्माता लाइसेंस के आधार पर ही आयात की अनुमति दी जाएगी। डीजीएफटी की अधिसूचना में कहा गया है कि आयात किए जाने वाले तरबूज के सभी बीज का 'आयात निगरानी प्रणाली' के तहत पंजीकरण अनिवार्य होगा।

इसमें कहा गया कि इसका इस्तेमाल करने वालों से लेकर इसका प्रसंस्करण करने वाले पात्र लोगों के लिए तरबूज के बीज का आयात एक मई, 2024 से 30 जून, 2024 तक निःशुल्क है। इसका अप्रैल-जनवरी 2023-24 के दौरान आयात 8.4 करोड़ अमेरिकी डालर था।

मध्य प्रदेश के शशांक सिंह व आशुतोष शर्मा की आतिशी पारी पंजाब के काम न आई

# आखिरी गेंद पर 2 रन से जीता हैदराबाद

● मुल्लांपुर

आईपीएल में एक बार फिर मध्य प्रदेश के खिलाड़ी शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने आतिशी पारी खेली। लेकिन अंतिम ओवर में 29 रन की जगह 26 रन ही बना सके और उनकी टीम पंजाब किंग्स यह रोमांचक मुकाबला मात्र 2 रन से हार गई। नितीश कुमार रेड्डी की 64 रन और अब्दुल समद की 25 रनों की तूफानी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 23वें मैच में पंजाब किंग्स को दो रन से हरा दिया है। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही और कमिंस ने जॉनी बेयरस्टो को शून्य पर बोल्ड कर पंजाब को पहला झटका दिया। उस समय टीम का स्कोर मात्र दो रन था। इसके बाद प्रभसिमरन सिंह चार रन भुवनेश्वर का शिकार बन गये। कप्तान शिखर धवन भी अधिक समय तक क्रीज पर नहीं टिक सके और 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। सैम करन और सिकंदर रजा ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में सैम करण 29 रन बनाकर आउट हो गये। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और दो छक्के लगाये। इसके बाद उनादकट ने सिकंदर रजा को 28 रन पर आउट कर पंजाब को पांचवां झटका दिया। उन्होंने 22 गेंदों में दो चौके और दो छक्के जड़े। जितेश शर्मा 19 रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने 25 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 46 रन बनाये। वहीं आशुतोष शर्मा 15 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 33 बनाकर नाबाद रहे।

### आईपीएल 2024 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 4 | 4 | 0 | 8 | 1.120 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 | 1.528 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 | 0.775 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 | 0.666 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 | 0.344 |
| पंजाब | 5 | 3 | 2 | 4 | -0.196 |
| गुजरात | 5 | 3 | 2 | 4 | -0.797 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.704 |
| बेंगलुरु | 5 | 1 | 4 | 2 | -0.843 |
| दिल्ली | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.370 |

### हैदराबाद के नीतिश ने खेली 64 रनों की शानदार पारी

नीतिश ने 37 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए 64 रनों की पारी खेली। वहीं अब्दुल समद 12 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 25 रन बनाये। भुवनेश्वर कुमार छह रन बनाकर आउट हुये। हैदराबाद के दोनों ही शीर्ष स्कोरर को अर्शदीप ने आउट किया। शाहबाज अहमद 14 रन और जयदेव उनादकट छह रन नाबाद रहे। उनादकट ने आखिरी गेंद पर छक्का उड़ाते हुए हैदराबाद का स्कोर निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 182 रन पहुंचा दिया। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह ने चार विकेट झटके। हर्षल पटेल और सैम करन को दो-दो विकेट मिले। कसिगो रबाड़ा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



### जीत की दहलीज पर पहुंचकर हारा पंजाब

हैदराबाद के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए पंजाब के बल्लेबाजों को खुल नहीं खेलने का मौका नहीं दिया हालांकि शशांक और आशुतोष ने टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचा दिया था। लेकिन पंजाब किंग्स निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 180 रन ही बना सकी और दो रन से मुकाबला हार गई। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार को दो विकेट मिले। पैट कमिंस, थंगारसु नटराजन, नितीश कुमार रेड्डी और जयदेव उनादकट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और उसने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड 21 रन का विकेट खो दिया। इसी ओवर में एडन मारक्रम भी बिना खाता खोल ही पवेलियन लौट गये। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये नितीश कुमार रेड्डी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। पांचवें ओवर में अभिषेक शर्मा 16 रन बनाकर चलते बने। राहुल त्रिपाठी 11 रन, हाइनरिक क्लासन नौ रन, कप्तान पैट कमिंस तीन रन बनाकर आउट हुये।

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड कै. धवन बो. अर्शदीप | 21 | 15 | 4/0 |
| अभिषेक शर्मा कै. शशांक बो. करन | 16 | 11 | 2/1 |
| एडन मारक्रम कै. जितेश बो. अर्शदीप | 00 | 02 | 0/0 |
| नितीश रेड्डी कै. रबाडा बो. अर्शदीप | 64 | 37 | 4/5 |
| राहुल त्रिपाठी कै. जितेश बो. हर्षल | 11 | 14 | 1/0 |
| क्लासन कै. करन बोल्ड हर्षल | 09 | 09 | 1/0 |
| अब्दुल समद कै. हर्षल बो. अर्शदीप | 25 | 12 | 5/0 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 14 | 07 | 1/1 |
| पैट कमिंस बोल्ड रबाडा | 03 | 04 | 0/0 |
| भुवनेश्वर कुमार कै. बेयरस्टो बो. करन | 06 | 08 | 0/0 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 06 | 01 | 0/1 |

**अतिरिक्त**: 07, **कुल**: 20 ओवर में नौ विकेट पर 182 रन, **विकेट पतन**: 1-27, 2-27, 3-39, 4-64, 5-100, 6-150, 7-151, 8-155, 9-176, **गेंदबाजी**: कगिसो रबाडा 4-0-32-1, अर्शदीप सिंह 4-0-29-4, सैम करन 4-0-41-2, हर्षल पटेल 4-0-30-2, हरप्रीत बराड़ 4-0-48-0,

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| धवन स्ट. क्लासन बो. भुवनेश्वर | 14 | 16 | 2/0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो कमिंस | 00 | 03 | 0/0 |
| प्रभसिमरन कै. रेड्डी बो. भुवनेश्वर | 04 | 06 | 1/0 |
| सैम करन कै. कमिंस बो. नटराजन | 29 | 22 | 2/2 |
| सिकंदर रजा कै. क्लासन बो. उनादकट | 28 | 22 | 2/2 |
| शशांक सिंह नाबाद | 46 | 25 | 6/1 |
| जितेश शर्मा कै. अभिषेक बो. रेड्डी | 19 | 11 | 1/1 |
| आशुतोष शर्मा नाबाद | 33 | 15 | 3/2 |

**अतिरिक्त**: 07, **कुल**: 20 ओवर में छह विकेट पर 180 रन, **विकेट पतन**: 1-2, 2-11, 3-20, 4-58, 5-91, 6-114, **गेंदबाजी**: भुवनेश्वर कुमार 4-1-32-2, पैट कमिंस 4-0-22-1, थंगारसु नटराजन 4-0-33-1, नितीश कुमार रेड्डी 3-0-33-1, जयदेव उनादकट 4-0-49-1, शहबाज अहमद 1-0-10-0,

### मयंक को कम से कम एक सप्ताह का आराम

लखनऊ। पेट दर्द की समस्या से ग्रसित लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मयंक यादव को टीम प्रबंधन ने कम से कम एक सप्ताह का आराम दिया है। एलएसजी ने एक बयान जारी कर कहा, मयंक के पेट के निचले हिस्से में सूजन है। एहतियात के तौर पर हम अगले सप्ताह तक उनका वर्कलोड मैनेज कर रहे हैं। उम्मीद है कि हम उन्हें जल्द ही मैदान पर देखेंगे। गौरतलब है कि लखनऊ के इकाना स्टेडियम में गुजरात टाईटंस के खिलाफ पिछले मैच में मयंक पेट दर्द के कारण अपना पूरा स्पेल नहीं फेंक सके थे। लखनऊ ने यह मैच गुजरात से आसानी से जीत लिया था। मयंक ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में एलएसजी के साथ पदार्पण किया था और अपनी रफ्तार से पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।

# सुमित नागल ने 38वें नंबर के खिलाड़ी को हराया

### पहला सेट गंवाने के बाद की जबरदस्त वापसी



मोंटे कार्लो। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने यहां दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मात्तेओ अर्नाल्डी को हराकर पहली बार एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज की। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी नागल ने क्वालिफाइंग टूर्नामेंट के जरिये एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। उन्होंने इतालवी प्रतिद्वंद्वी को 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के होल्गर रूने से होगा जो विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर हैं। नागल ने तीसरी बार शीर्ष 50 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया है, जबकि इस सत्र में इस स्तर के खिलाड़ी पर उनकी ऐसी दूसरी जीत है।

### पहली बार 80 रैंकिंग तक पहुंचेंगे नागल

अपने से उच्च रैंकिंग खिलाड़ियों को हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश करने वाले नागल ने क्लेकोर्ट टूर्नामेंट में इस जीत के साथ कॅरिअर में पहली बार 80 रैंकिंग तक पहुंचना सुनिश्चित कर लिया है। फिलहाल वह दुनिया में 95वें नंबर के खिलाड़ी हैं। सुमित ने मार्च में इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालिफाई किया था लेकिन पहले दौर में कनाडा के मिलोस राओनिक से पराजित हो गए थे।

### हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी हॉकी टीम

**पर्थ (एजेंसी)**। पिछले दो मैच गंवा चुकी भारतीय पुरुष हॉकी टीम पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में बुधवार को जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य हार की हैट्रिक से बचने का होगा। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण इस श्रृंखला में भारत को पहले मैच में 1-5 और दूसरे में 2-4 से पराजय का सामना करना पड़ा। इस दौरे से भारतीय टीम को अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा। पहले दोनों मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत के डिफेंस को दबाव में रखा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय डिफेंडरों ने पहले दो मैचों में कई आसान गोल और पेनल्टी कॉर्नर गंवाए। वहीं फॉरवर्ड पंक्ति विरोधी खेमे में हमले नहीं बोल सकी।

### महिला टेनिस टीम की विजयी शुरुआत

**चांग्शा**। भारतीय महिला टेनिस टीम ने मंगलवार को पेसिफिक ओशिनिया को 3-0 से हराकर बिली जीन किंग कप 2024 एशिया ओशिनिया ग्रुप एक में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। चीन के चांग्शा में मून आइलैंड क्ले पार्क में खेले गये मुकाबले में रुतुजा भोसले और अंकिता रैना ने अपने-अपने एकल मैच जीते, वहीं प्रार्थना थोम्बारे और श्रीवल्ली भामिदिपति युगल मुकाबले में विजयी रहे। भोसले ने 42 मिनट तक चले मुकाबले में पेसिफिक ओशिनिया की तरानी कमो पर 6-0, 6-0 से हराया। अंकिता रैना ने साओर्से ब्रीन पर 6-1, 6-3 से जीत दर्ज की। रैना ने पहले सेट में लगातार 10 अंक जीतकर अपना दबदबा कायम किया और एक घंटे नौ मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया।

# पीवी सिंधु व लक्ष्य सेन के सामने कठिन चुनौती

### शुरुआती दौर में ही शीर्ष चीनी शटलरों से मुकाबला

नई दिल्ली । एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और इस वर्ष ऑल इंग्लैंड के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य सेन के सामने कठिन चुनौती है। सिंधू दूसरे दौर में पहुंचीं तो उनके सामने छठी वरीय चीन की हान यू होंगी, जबकि लक्ष्य के सामने पहले ही दौर में शीर्ष वरीय चीन के शी यूकी होंगे। एचएस प्रणय का पहले दौर में चीन के लू गुआंग जू से मुकाबला होगा। पेरिस ओलंपिक के क्वालिफिकेशन का यह अंतिम टूर्नामेंट हैं। इसके बाद ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाले शीर्ष 16 शटलरों की रैंकिंग जारी होनी है। इस टूर्नामेंट से सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष डबल्स जोड़ी पहले ही नाम वापस ले चुकी है। बावजूद इसके टूर्नामेंट में एशिया के सभी शीर्ष शटलर शिरकत कर रहे हैं। इनमें शीर्ष वरीय कोरिया की एन से यंग, ओलंपिक विजेता चीन की चेन यू फेई, ताईवान की ताई जू यिंग,



जापान की अकाने यामागुची के अलावा पुरुष वर्ग में शी यूकी, सिंगापुर के लोह कीन यूए इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी, जापान के केंता निशिमोतो, कोडाई नरोका जैसे शटलर शामिल हैं।

**श्रीकांत पहले दौर में गिंटिंग से भिड़ेंगे** : सिंधू के सामने पहले दौर में मलयेशिया की गोह जिन वेई होंगी। अगर वह क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं तो उनके सामने यामागुची हो सकती हैं। लक्ष्य एशियाई खेलों के दौरान हांगझोऊ में टीम मुकाबलों में शी यूकी को हरा चुके हैं। उनका ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करना लगभग तय माना जा रहा है। प्रियांशु राजावत पहले दौर में मलेशिया के ली जी जिया से और किदांबी श्रीकांत इंडोनेशिया के तीसरी वरीय एंथोनी सिंसुका गिंटिंग से भिड़ेंगे।

### न्यूजीलैंड का दौरा करेगी इंग्लैंड टीम

**लंदन**। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को ऐलान किया कि उनकी टीम 28 नवंबर से तीन टेस्ट के दौरे पर न्यूजीलैंड जाएगी। श्रृंखला का पहला मैच क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा जबकि दूसरा मैच छह दिसंबर से वेलिंगटन और तीसरा 14 दिसंबर से हैमिल्टन में होगा। दोनों टीमों की टेस्ट श्रृंखला में टक्कर पिछले साल फरवरी मार्च में हुई थी और दो मैचों की श्रृंखला ड्रॉ रही थी। न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट एक रन से और इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 267 रन से जीता था। ये तीनों टेस्ट विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे जिसमें न्यूजीलैंड ने पहले सत्र में आस्ट्रेलिया को हराया था।

# ऐश्वर्या का कांस्य पदक रजत में बदलेगा

### उज्बेकिस्तान की फरीदा डोप परीक्षण में विफल

नई दिल्ली (एजेंसी) । शीर्ष भारतीय एथलीट ऐश्वर्या मिश्रा का एशियाई चैंपियनशिप 2023 की 400 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक रजत पदक में बदलेगा क्योंकि इस स्पर्धा में



शुरुआत में दूसरे स्थान पर रही उज्बेकिस्तान की फरीदा सोलियेवा डोप परीक्षण में विफल रही हैं। पिछले साल बैंकॉक में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 13 जुलाई को लिए गए सोलियेवा के मूत्र के नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ मेल्डोनियम पाया गया है और डोपिंग से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघ की इकाई एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने उस तरीख से उनके सभी नतीजों को अमान्य कर दिया है। ऐश्वर्या चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले और कांस्य पदक जीतने वाली महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम का भी हिस्सा थीं।

### फरीदा तीन साल के लिए प्रतिबंधित

एआईयू ने कहा, एआईयू ने प्रतिबंधित पदार्थ मेल्डोनियम की मौजूदगी इस्तेमाल के लिए 13 सितंबर 2023 से फरीदा सोलियेवा को तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया है। 13 जुलाई 2023 से उनके सभी नतीजों को अमान्य किया जाता है। सोलियेवा 52.95 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं थी जबकि ऐश्वर्या ने 53.07 सेकेंड के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था। श्रीलंका की नदीषा रमानायके ने 52.61 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

### महिला हॉकी लीग 2024-25 का अनावरण


**नई दिल्ली**। देश में उभरती हुई महिला हॉकी खिलाड़ियों के विकास को ध्यान रखते हुए हॉकी इंडिया ने मंगलवार को राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 का अनावरण किया। लीग पहला चरण 30 अप्रैल से 9 मई तक रांची में आयोजित किया जायेगा। इस चरण के दौरान सभी मैच मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के उद्घाटन सत्र में अपनी जगह बनाने वाली हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के बीच प्रतिस्पर्धा होगी। यह लीग युवा प्रतिभाओं के लिए भी अपने दरवाजे खोलेगी। इसमें 21 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग न केवल महिला हॉकी के स्तर को ऊपर उठाने में बल्कि देश भर में एथलीटों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करेगी। इस पहल के जरिए हॉकी इंडिया खेलों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और महिलाओं के लिए हॉकी में उत्कृष्टता हासिल करने के रास्ते बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

### शहडोल और भोपाल डिवीजन आमने-सामने

**एमवाय मेमोरियल ट्रॉफी**

**भोपाल**। मप्र क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एमवाय मेमोरियल ट्रॉफी 2023-24 सीनियर बॉयज जबलपुर के एमपीसीए मैदान पर शुरू हुए चार दिवसीय शहडोल डिवीजन और भोपाल डिवीजन के बीच मैच के पहले दिन शहडोल के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। शहडोल डिवीजन ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 90 ओवरों में 05 विकेट के नुकसान पर 296 रन बना लिए हैं। शहडोल डिवीजन से बल्लेबाजी करते हुए हिमांशु मंत्री ने 90 रन, देवांश विश्वकर्मा ने 80 रन, कार्तिक परिहार ने 43 रन, अपूर्व द्विवेदी ने 37 रन, लखन पटेल ने 21 रन बनाए। वहीं हर्ष दीक्षित 09 रन पर नाबाद एवं मासूम रजा बिना खाता खोले क्रीज पर नाबाद खेल रहे हैं। भोपाल डिवीजन की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रियांशु शुक्ला 01, पृथ्वीराज सिंह तोमर 01, प्रँकेश राय 01, युवराज नेमा 01 और अभिराज खरे ने 01 विकेट लेकर अपनी टीम के लिए योगदान दिया। आज मैच का दूसरे दिन का खेल खेला जाएगा।

# गुरबाज को धोनी से मिला बल्ला, फोटो शेयर कर लिखा, कल की चिंता मत करो



**नई दिल्ली**। कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा जब उन्हें महान एमएस धोनी से एक विशेष हस्ताक्षरित बल्ला मिला। गुरबाज इंडियन प्रीमियर लीग में चेपॉक में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में खेल नहीं पाए थे। इस दौरान गुरबाज के लिए एक फैनबॉय मोमेंट आया जब वह मैच के बाद धोनी से मिले। कोलकाता के बल्लेबाज ने पूर्व सीएसके कप्तान से मिली सलाह के साथ ड्रेसिंग रूम में धोनी के साथ अपनी मुलाकात की एक तस्वीर पोस्ट की। एक तस्वीर में 22 वर्षीय खिलाड़ी को मुस्कुराते हुए देखा गया क्योंकि चेन्नई के पूर्व कप्तान ने उन्हें हस्ताक्षरित बल्ला दिया था। गुरबाज ने फोटो को कैप्शन दिया, नियंत्रित एमएस को नियंत्रित करना। गुरबाज ने एक्स पर एक पोस्ट में धोनी के हवाले से कहा, अतीत के बारे में चिंता करना बंद करो। भविष्य के बारे में सोचना बंद करो। बस वर्तमान में जियो और खुश रहो: एमएस। गुरबाज ने अभी तक आईपीएल 2024 में एक भी मैच नहीं खेला है।

विवाद

### हार के चलते खोया आपा, रेफरी को भी दिखाया पंच

# रोनाल्डो ने विरोधी खिलाड़ी को मारी कोहनी

● नई दिल्ली

दुनिया के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक बड़ी मुसीबत में फंसते नजर आ रहे हैं। रोनाल्डो सऊदी सुपर कप के मुकाबले में अल हिलाल के खिलाफ अपनी टीम अल नासर की हार के दौरान अपना आपा खो बैठे। उन्होंने ना सिर्फ विरोधी टीम के खिलाड़ी को कोहनी मारी, बल्कि मैच रेफ्री को पंच मारने की कोशिश भी की। उनकी इस हरकत के कारण उन पर प्रतिबंध भी लग सकता है।

रोनाल्डो की टीम अल नासर की स्थिति अल हिलाल के खिलाफ अच्छी नहीं थी। टीम को इस मुकाबले में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। अल नासर के लिए सादियो



माने ने एक मात्र गोल किया। रोनाल्डो इससे काफी निराश थे और मैच के दौरान उन्होंने गुस्से में विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मार दी। उनकी इस हरकत के लिए मैच रेफरी ने तुरंत रोनाल्डो को रेड कार्ड दिखाया। यह पहली बार था जब रोनाल्डो को सऊदी अरब में रेड कार्ड मिला। रोनाल्डो खुद को रेड कार्ड मिलने से नाराज हुए और उन्हें मैच रेफ्री को पंच मारने की कोशिश, लेकिन हाथ पीछे खींच लिया।

### क्यों हुआ विवाद

मैच के अंतिम क्षणों में जब अल नासर की टीम बराबरी करने की कोशिश में लगी हुई थी, लेकिन टीम को इसमें सफलता नहीं मिल पा रही थी। मैच के 86वें मिनट में रोनाल्डो ने अल हिलाल के डिफेंडर अली अल बुलाही को कोहनी मार दी जिससे विवाद बढ़ गया। रोनाल्डो की इस हरकत पर अल हिलाल के खिलाड़ियों ने रेफरी से कार्रवाई करने की अपील की। 39 साल का यह दिग्गज खिलाड़ी रेफरी का मजाक उड़ाते भी नजर आया। माना जा रहा है कि इसके लिए रोनाल्डो पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

### सऊदी प्रो लीग में रोनाल्डो ने किए हैं सर्वाधिक गोल

रीयल मैड्रिड और मैनचेस्टर युनाइटेड के लिए खेल चुके रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने इस लीग में 29 गोल किए हैं। अल हिलाल के एलेक्सांद्र मित्रोविच रोनाल्डो से सात गोल पीछे हैं। रोनाल्डो अपनी टीम अल नासर के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। वह अब तक टीम के लिए 37 मैचों में 36 गोल कर चुके हैं और 12 बार गोल करने में सहायता की है। यह रोनाल्डो के करियर में 12वीं बार था जब उन्हें मैच में रेड कार्ड मिला है।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए पाकिस्तान टीम घोषित

**लाहौर**। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला बदलने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर और बाएं हाथ के स्पिनर इमाद वसीम की 18 अप्रैल से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की 17 सदस्यीय टीम में वापसी हुई है। दस दिन तक चलने वाली इस श्रृंखला के तीन मैच रावलपिंडी जबकि दो मैच लाहौर में खेले जाएंगे। स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में



दोषी पाए जाने के बाद इंग्लैंड में कुछ समय के लिए जेल की सजा भी काटने वाले आमिर ने पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2020 में खेला था और फिर दुनिया भर में टी20 लीग में खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।

### टीम इस प्रकार है

बाबर आजम कप्तान, मुहम्मद रिजवान उस्मान खान इमाद वसीम फखर जमां, मोहम्मद आमिर, सईम अयूब, शादाब खानए इरफान खान नियाजी, इफ्तिखार अहमद, आजम खान, शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, जमान खान, अब्बास अफरीदी, अबरार अहमद और उसामा मीर।

कला जगत

डा. शत्रुघन पांडेय

## ददरिया में विभिन्न भावों की अभिव्यक्ति



छत्तीसगढ़ अंचल में लोक कला के क्षेत्र में ददरिया की अपनी अलग पहचान है, जो लोक छंद, स्वच्छंद भाषा, भाव व्यंजना, रति भाव के सभी दशाओं तथा रागों अनुरागों का प्रतिनिधित्व करती है। प्रेम व्यंजना द्वारा अलौकिकता का आभास करा कर जनमन को सम्मोहित कर लेती है। ददरिया अपनी प्रभाव एवं मूल उदात्तता के कारण ही महत्व रखता है। ददरिया के दो पदों में कलात्मकता से पूर्व सजीवता, रागात्मकता एवं सरगर्भिता का दोहों के समान अदभुत संयोजन मिलता है। इसमें प्रेम की सार्वभौमिकता का अदभुत रूप दृष्टव्य होता है -

***चलनी मा चालेंव, सूपा मा फुनेव,***
***मैं पवन बाजू रहेंव, सबे ला सुनेव।***

एतिहासिक

डा. रमेंद्रनाथ मिश्र

## इतिहास के पन्नों में पिथौरा जमींदारी



ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर पिथौरा या पिथौड़ा नामकरण का इतिहास अज्ञात है। पूर्व में यह क्षेत्र सघन वनों से आच्छादित था तथा कई वनवासी जातियों का यहां निवास था। भील जाति में प्रारंभ से शिल्प कला के प्रति रुचि उल्लेखनीय रहा है, जिसमें पिथौरा कला मिट्टी के घोड़े, पत्थर और मिट्टी के औजार, तीर कमान, मनके की मालाएं प्रसिद्ध हैं। इस प्रकार के शिल्प कला का निर्माण पूर्व में भी भीलों के द्वारा इन क्षेत्रों में किया जाता था। इस लोकप्रियता के कारण ही इस स्थान का नाम पिथौरा हो गया, जहां बहुसंख्यक भील रहते हैं। कल्चुरी शासन काल में 15 प्रमुख जमींदारियां थीं, इसके साथ ही कुछ अन्य जमींदारियों में पिथौरा का भी उल्लेख मिलता है।

पुस्तक समीक्षा

## चिरई खोंधरा




कृति के नाव: चिरई खोंधरा
लेखक: दुष्यंत कुमार साहू
प्रकाशक: आशु प्रकाशन रायपुर
पुस्तक समीक्षा: चम्पेश्वर गोस्वामी
मूल्य: सौ रुपए

आप मन ला कृतिकार के कृति देखे ला मिले होही। जिहां तक ए कृति के बात आय शीर्षक चिरई खोंदरा ले ही स्पष्ट हो जाथे कि प्रकृति प्रेम के पूरा झलक ए किताब में होहि।पूरा किताब में 69 कविता हे, एमा उलुहा पान, करेला नार, बगईचा, पितर पाख, आगे खेती किसानी, तिजा पोरा म इंतजार आऊ आगे हरेली तिहार जईसे कविता मन हमन ला गांव के रीति रिवाज आऊ संस्कृति के दर्शन कराथे। हर कविता के भाव हा अंतस ला छू जाथे। अईसन कविता मन पाठक के भरपूर मनोरंजन घलाव करथे। आपो मन ए किताब ला पढ़व आऊ आनंद लेव।



बीहड़ जंगल के बीच बिलाईगढ़ विकास खंड से महज 10 किलो मीटर दूर सलिहा गांव और धनसिर गांव के मुनि चुंवा पौराणिक पर्यटन स्थल है । यहां चट्टान के नीचे 50 फिट बावली नुमा बना है जहां हवन कुंड के सामने मुनि चुंवा स्थित है । मुनि चुंवा को गुप्त गंगा भी कहा जाता है । इस स्थान में गंगा का स्त्रोत बताया जाता है यहां के पानी को पीने से बीमार लोग स्वस्थ होते हैं लोगों के बीच में ये आस्थाएं जुड़ी है ।

# ‘मुनि चुवां’ में गुप्त गंगा की दर्शन करने दूर-दूर से पहुंचते हैं पर्यटक

पर्यटनः लक्ष्मी नारायण लहरे ' साहिल



छत्तीसगढ़ के नव सृजित सारंगढ़ - बिलाईगढ़ जिला के बिलाईगढ़ विकास खंड से महज 10 किमी दूर सलिहा गांव और धनसिर गांव के बीच में बीहड़ जंगल के बीच मुनि चुंवा पौराणिक पर्यटन स्थल है । यहां कार्तिक पूर्णिमा पर मेला भरता है । मुख्य मार्ग से 2 किमी दूर यह स्थल है जहां बरसात के समय पहुंच पाना मुश्किल है । यहां गुप्त गंगा की दर्शन करने लोग पहुंचते हैं, चट्टान के नीचे 50 फिट बावली नुमा बना है जहां सीढ़ी है । हवन कुंड के सामने मुनि चुंवा स्थित है । इस मुनि चुंवा की पौराणिक मान्यता है की त्रेता युग में कभी इस जगह पर तपस्वी रहता था तब इस जगह का नाम मुनि चुंवा पड़ा। स्थानीय लोगों की माने तो इस जगह में श्रीराम और रावण पहुंचे हुए थे । यहां मूषक दैत्य की कहानी का जिक्र होता है । इस क्षेत्र को हटकेश्वर वन के नाम से भी जाना जाता है जो कभी उड़ीसा के जंगलों से जुड़ी थी । मुनि चुंवा को गुप्त गंगा भी कहा जाता है इस जगह पर 50 फिट से अधिक चट्टान के नीचे बावली नुमा सुरंग बना है जिसमें बरसात के दिन में पानी भरा रहता है और गर्मी के मौसम में नीचे चला जाता है इस स्थान में गंगा का स्त्रोत बताया जाता है लोग यहां के पानी को लेकर आते हैं और इस पानी को पीने से बीमार लोग स्वस्थ होते हैं । मेला के समय लोग दूर दूर से यहां आते हैं और आनंद लेते हैं।



# मनोकामना पूरी करती हैं सिल्ली घाट की शक्ति माई





आस्थाः डा. नीलकंठ देवांगन



दुर्ग जिला के शिवनाथ नदी, आमनेर नदी और कोड़िया - नंदकठी नाला के त्रिवेणी संगम सिल्ली शक्ति घाट पर शक्ति माई (सती माई) का मान्यता प्राप्त सिद्ध स्थल है । सैकड़ों साल तक खुले में रहीं । ग्रामीण ने उसके चारों ओर छोटे छोटे पत्थर रख दिये । उन्हीं पत्थरों के ढेर पर अभी भी विराजित हैं । बाद में भक्तों द्वारा 25 साल पहले छोटा मन्दिर बनवा दिया है । मन्दिर के गर्भ गृह में माई पिण्डी रूप में हैं । अंदर दीवार पर प्रतीक रूप में घोड़े पर सवार राजा रानी का चित्रांकन है । कहते हैं सिहावा के राजा रानी नायक नायकिन घोड़े पर सवार हो शादी में जा रहे थे । रास्ते में राजा की मृत्यु हो गई । रानी पति के चिता में सती हो गई । कुछ दिनों बाद वहीं पिंड दिखाई दिया । लोग पूजा करने लगे । श्रद्धा बढ़ी । मान्यता है कि माई श्रद्धालुओं की मुरादें पूरी करतीं, गुम पशु या वस्तु को मिला देतीं, कई रोग ठीक कर देती हैं । पौष पूर्णिमा (छेरछेरा) पर यहां विशाल मेला लगता है ।

लोक साहित्य

डा. विद्यावती चंद्राकर

बाबू रेवाराम जी हिंदी, संस्कृत और ब्रज भाषा के ज्ञाता थे। उर्दू, फारसी और संगीत में भी आपका दखल था। आप माता निकलने पर दैवीय प्रकोप मान कर भजन के माध्यम से माता सेवा करते थे, जिसे बरुआ गीत कहा जाता है तथा जिनमें इनका संग्रहण होता है माता का गुटका कहलाता है। रतनपुर में जो गुटका प्रचलित है उसमें कवि रेवाराम रचे हुए पद हैं।

## बाबू रेवाराम के साहित्यिकी में
# माता भजन

बाबू रेवाराम जी के पूर्वज रतनपुर के है ह य वं शी य राजाओं के दीवान थे। राजाओं की राजधानी होने के कारण यहां हमेशा पंडितों का जमाव रहता था, लेकिन बाबू रेवाराम के समय पंडितों का अभाव सा हो गया था। ऐसे समय में चरित नायक पंडितों से शास्त्रार्थ करते थे। वे ब्राह्मणों के सम्मुख होकर कभी वितंडावाद नहीं करते थे तथा अपना वक्तव्य बड़ी विनम्रता के साथ निवेदन करते थे, इससे ब्राह्मणों के प्रति अपनी भक्ति और निष्ठा व्यक्त करते थे। इस बात की पुष्टि आपकी लिखी ब्राह्मण स्त्रोत नामक पुस्तक से होती है। आप हिंदी, संस्कृत और ब्रज भाषा के ज्ञाता थे। उर्दू, फारसी और संगीत में भी आपका दखल था। आप माता निकलने पर दैवीय प्रकोप मान कर भजन के माध्यम से माता सेवा करते थे, जिसे बरुआ गीत कहा जाता है तथा जिनमें इनका संग्रहण होता है माता का गुटका कहलाता है। रतनपुर में जो गुटका प्रचलित है उसमें कवि रेवाराम रचे हुए पद हैं। बाबूजी की अन्य कविताओं के समान यह पद भी लोकप्रिय हैं। नीचे उल्लेखित पद में षडऋतु वर्णन के साथ ही साथ अनुप्रास छटा दर्शनीय है -



मैया मनि मंदिर आसित आसन मोद हो माय।
बसंत बसंत बाग बन कुसुमित कोयल बोलत मंद।।

गांव की कहानी

डा. नन्हे प्रसाद द्विवेदी

## हंसों के आने के कारण ग्राम का नाम हंसुआ



ग्राम हंसुआ सोनाखान वि.ख. व तहसील कसडोल जिला बलौदा बाजार - भाटापारा में स्थित है। 18 वीं सदी में भारत की सबसे बड़ी शक्ति मराठों की थी। मराठों द्वारा यहां का राजा ' ग्राम देव हसुआपाट मंदिर ' के पास मारा गया। इस घटना के बाद इनका राज परिवार यहां से चले गए। यहां के नागरिक भी गढ़ के पश्चिम दिशा में जाकर बस गए। आज भी इस मंदिर में ताम्र पत्र अंकित है। इस मंदिर के अवशेष ही जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। माना जाता है कि यह यह शिव मंदिर रहा होगा। यहां देव स्थल की एक और विशेषता है कि यहां पर पद प्रक्षालन के लिए प्राचीन पोखर (गोड़ धोवा) का निर्माण हुआ है जिसमें सदैव जल भरा रहता है। इसी तरह 150 वर्ष पूर्व की समलाई देवी मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है, यहां दोनों नवरात्रि में भक्तों द्वारा मनोकामना पूर्ति हेतु ज्योति प्रज्ज्वलित की जाती है। किवंदती के अनुसार गढ़ के चारों ओर पहले खाई पार करके अत्यधिक संख्या में कई प्रजाति के बड़े बड़े हंस, गढ़ के किनारे स्थित राजमहल की ओर आते थे, जिन्हे तत्कालीन रानियां दाना चुगाती थी, इसी कारण गांव का नाम हंसुआ पड़ गया।



# टीबी उन्मूलन में महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज भी प्रयासरत दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम एनटीईपी के अंतर्गत वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए महर्षि विश्वामित्र स्वशासी राज्य चिकित्सालय महाविद्यालय का पूरा सहयोग मिलना बहुत जरूरी है। इसी के मद्देनजर मेडिकल कॉलेज में बुधवार से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य प्रो डॉ नीरज पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल एवं प्रो डॉ चंद्र मौली शर्मा के द्वारा किया गया। कॉलेज के सभी फेकल्टी शिक्षक, जूनियर व सीनियर शोध विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षु नए स्नातक विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर सीएमओ डॉ देश दीपक पाल ने कहा कि यदि जिले के 20 से 30 प्रतिशत टीबी मरीजों का उपचार मेडिकल कॉलेज के माध्यम से किया जाए तो वर्ष 2025 तक लक्ष्य पूरा करना आसान होगा। कॉलेज के सभी विभागों से टीबी मरीजों के लिए छह माह तक चलने वाले ड्रग रेजिस्टेंस टीबी क्लीनिक डीआरटीबी को क्रियाशील करना बहुत जरूरी है। सभी मरीजों का निक्षय पोर्टल पर नोटिफाई होना जरूरी है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य/



उप प्रधानाचार्य प्रो डॉ नीरज पांडेय ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के किसी भी विभाग के डॉक्टर यदि किसी मरीज का टीबी के लिए इलाज कर रहे हैं तो उनका नोटिफिकेशन निक्षय पोर्टल पर अवश्य करवाएं। ऐसा होने से मरीज को इलाज के दौरान प्रति माह 500 रुपए तो मिलेगा ही साथ में डॉक्टर को भी मरीज का नोटिफिकेशन करने पर 500 रुपए और दवा का कोर्स पूरा होने व निक्षय पोर्टल पर अपडेट करने पर प्रति मरीज 500 रुपए मिलेगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्कूलों, महाविद्यालयों तथा जनमानस को टीबी के प्रति जागरूक करना भी आवश्यक है। कॉलेज के सहायक आचार्य जनरल मेडिसिन डॉ धनंजय कुमार वर्मा ने ड्रग सेंसेटिव टीबी मरीजों के निदान व उपचार के बारे में प्रशिक्षण दिया। बलगम एकत्रीकरण को लेकर डॉ शिवेंद्र दत्त शुक्ला ने विस्तार से प्रशिक्षण दिया। ड्रग रेजिस्टेंट टीबी मरीजों के निदान व उपचार के बारे में सहायक आचार्य टीबी एंड चेस्ट डॉ भानु प्रताप ने विस्तृत जानकारी दी। सहायक आचार्य पीडियाट्रिक डॉ प्रभात कुमार ने बच्चों में क्षय रोग के लक्षण, कारण, जांच, निदान व उपचार आदि के बारे में जानकारी दी। प्रो डॉ चंद्र मौली शर्मा ने यूपी एनटीईपी के विस्तारीकरण और सुदृढ़ीकरण के बारे में प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर क्षयरोग विभाग के जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ मिथलेश कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल कॉलेज के साथ मिलकर टीबी उन्मूलन के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान एवं टी बी मुक्त पंचायत की प्रगति रिपोर्ट, जांच व उपचार सुविधाओं आदि पर चर्चा की। बताया कि वृहस्पतिवार को एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी, एडवर्स ड्रग रिएक्शन , टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी, जनपद में एनटीईपी के क्रियान्वयन को लेकर चुनौतियों के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ संजय कुमार एवं अन्य चिकित्सक व अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीवान में पेड़ से लटकता मिला नेपाली युवक का शव



प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। जनपद महराजगंज के फरेंदा थाना क्षेत्र में मथुरा नगर सिवान मे बुधवार सुबह गेहूं के खेत के बीच आम के पेड़ पर एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता हुआ शव दिखाई पडने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी ।घटना की सूचना मिलते ही फरेंदा क्षेत्राधिकारी थानाध्यक्ष सहित डागस्क्वायड पहुंचे।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फरेंदा थाना क्षेत्र के ढोढ़घाट सिवान के खेत के बीच स्थित आम के पेड़ पर एक युवक का शव लटक रहा था।प्रथम दृष्टया मृतक की हत्या कर शव को लटकाया गया प्रतीत होता है।पुलिस द्वारा यह जांच का विषय है।सुबह शौच के लिए निकले ग्रामीणों की नजर पडी. उन्होंने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी।घटना की सूचना मिलते ही फरेंदा क्षेत्राधिकारी अनुरुद्ध कुमार थानाध्यक्ष अंकित सिंह सहित डागस्क्वायड पहुंचे।क्षेत्राधिकारी अनुरुद्ध कुमार ने बताया कि मृतक के पास मिले मोबाइल से उसकी पहचान नेपाली युवक उम्र लगभग 30 वर्ष के रूप में हुई।युवक की मृत्यु किस कारण से हुई यह जांच के उपरांत पता चलेगा।मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव को पेड़ से उतारकर पुलिस द्वारा पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

## संक्षिप्त खबरें

### शासन के आदेश पर चंदवक गोमती पुल पर बड़ी गाड़ियों का आवागमन शुरू!

प्रखर वाराणसी। वाराणसी आजमगढ़ मार्ग पर स्थित गोमती नदी पर बने पुल पर आवागमन सामान्य करने का आदेश दे दिया गया है। बता दें कि पिछले कई महीनो से पुल जर्जर होने की वजह बताकर बड़ी गाड़ियों का आवागम रोक दिया गया था। लेकिन आज यानी बुधवार से बड़ी गाड़ियों के आवागमन शुरू करने का आदेश शासन द्वारा जारी कर दिया गया है। बतादे कि परियोजना निदेशक के आदेश पर फोरलेन चौड़ीकरण अन्तर्गत ग्राम चन्दवक जनपद जौनपुर में अवस्थित पुराने ब्रिज पर हाईट गेज लगाये जाने हेतु अवगत कराया गया । उक्त के दृष्टिगत वाराणसी - आजमगढ़ - गोरखपुर मार्ग पर संचालित निगम / अनुन्धित बसों बसों का संचालन वाराणसी - मोढैला - थानागददी- केराकत - खुज्जीमोड़ बजरंग नगर होते हुये किया जाने लगा। लेकिन कुछ दिनों बाद ही खुज्जीमोड़ से केराकत के बीच में बनी एक पुलिया क्षतिग्रस्त हो जाने से बसों का संचालन प्रशासन द्वारा वहा से भी बंद कर दिया गया। जिसके बाद वाराणसी - आजमगढ़ - गोरखपुर एवं सम्बद्ध मार्गों पर संचालित निगम छोटी / बड़ी अनुबन्धित बसों का संचालन वाराणसी - चौबेपुर - सिधौना- पतरही - चन्दवक होते हुये आजमगढ़ मार्ग से संचालित किये जाने का आदेश किया गया। गौरव वर्मा क्षेत्रीय प्रबन्धक वाराणसी के पत्र द्वारा मिली जानकारी के अनुसार उक्त पुल मरम्मत कराकर पुनः चालू करने का आदेश दे दिया गया है। बता दे कि उक्त पुल पर अब बड़ी-बड़ी वाहनों का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। अब वाराणसी - आजमगढ़ - गोरखपुर मार्ग पर संचालित निगम / अनुन्धित बसों का संचालन वाराणसी - चोलापुर - दानगंज - चन्दवक होते हुये आजमगढ़ गोरखपुर संचालित किया जाने का आदेश शासन द्वारा जारी कर दिया गया है।

### अलग अलग जगहों पर सुबह से ही अकीदत से अदा की जायेगी ईद की नवाज

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रमजान के पाक महीने में रोजा रखने के बाद परंपरागत ढंग से ईद की नवाज अदा कर ईद मुबारक मनाई जाती है। गाजीपुर नगर क्षेत्र में सुबह से ईद की नमाज पढ़ी जाएगी। गाजी मिंया का रौजा मस्जिद में सुबह 8.15 मिनट पर, सुजावलपुर मस्जिद में 8.30 पर, विशेश्वरगंज ईदगाह में सुबह 9 बजे तथा कपूरपुर मस्जिद में 8.15 पर जबकि ईदगाह विशेश्वरगंज में ही ईद की दुसरी नमाज दस बजे अकीदत से अदा की जाएगी। यह जानकारी ईदगाह के इमाम हाफिज इस्तेखार साहब ने दी।

### गाजीपुर पुलिस ने किया अलग-अलग थाना क्षेत्र से 3 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी भुडकुड़ा के निकट पर्यवेक्षण में थाना दुल्लहपुर पुलिस के द्वारा एक अभियुक्त राजेश कुमार चौहान पुत्र नन्हक चौहान निवासी पीपनार थाना मरदह जनपद गाजीपुर को मलेठी चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से मु0अ0सं0 48/24 धारा 380 भा0द0वि0 से सम्बधित चोरी गया एक अदद लैपटाप बरामद हुआ। उक्त मुकदम में धारा 411 भा0द0वि0 की बढ़ोत्तरी कर अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में होरिल यादव थाना दुल्लहपुर, कांस्टेबल नुर मोहम्मद असारी थाना दुल्लहपुर शामिल रहे। इसी प्रकार क्षेत्राधिकारी सैदपुर के निकट पर्यवेक्षण में बुधवार को उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद दुबे मय हमराह के थाना सैदपुर पर पंजीकृत मु0अ0स 60/24 धारा 394/504/506 भादवि में वाँछित अभियुक्तगण भीमराम पुत्र महेन्द्र राम निवासीग्राम सौरी थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर तथा विकास यादव पुत्र देवेन्द्र यादव निवासीग्राम जहानपुर थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर को भीतरी अण्डर पास से समय करीब 05.40 बजे गिरफ्तार किया गया।

### पचौरी चौराहे पर अवैध देशी शराब बेचते बिहार के युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रखर गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के पचौरी चौराहे पर पुलिस ने एक सन्दिग्ध युवक को मुखबिर की सूचना पर 20 पाउच अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान अमित सिंह पुत्र रमेश सिंह (उम्र 25 वर्ष) भैसही खुर्द सासाराम नगर बिहार के रूप में हुई है। हरपुर बुदहट पुलिस ने आरोपी युवक पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व पचौरी स्थित देशी शराब की दुकान के मुनीब द्वारा 10 बजे से पहले शराब बेचने का वीडियो वायरल हुआ था। वही चौराहे के लोगो ने मुनीब पर अभद्रता का भी आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी थी कि दुकान से हटकर मुनीब चौराहे पर झोले में रखकर भी शराब बेचता है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया।

### दीक्षांत समारोह में बच्चों को वितरित किया गया रिपोर्ट कार्ड

प्रखर गोरखपुर। हरपुर बुदहट क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोनबरसा पर बुधवार को शिक्षा विभाग द्वारा बच्चो के साथ अभिभावकों के सामने ऐनुअल रिपोर्ट कार्ड वितरित किया गया। इसके अलावा सभी कक्षा में टाप थ्री पोजिशन हासिल करने वाले छात्र,छात्राओं को मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीईओ सहजनवा रजनीश द्विवेदी ने कहा के कि सरकार द्वारा बहुत ही खूबसूरत पहल किया गया है। जिसमे पेरेंट मीट करके बच्चो को ऐनुअल रिपोर्ट कार्ड दिया जा रहा है। विशिष्ठ अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल ने कहा की इससे बच्चो का शिक्षा बेहतर होगा।अभिभावक भी बच्चो की कमजोरी को शिक्षको के पास आसानी से रख पाएंगे। इस दौरान प्रधानाध्यापिका राजेश्वरी देवी सहित शिक्षक और अभिभावक, छात्र छात्राये मौजूद रहे।

## 108 एंबुलेंस बना मरीजों की संजीवनी लगातार मरीजों को पहुंचा रहा है बीएचयू वाराणसी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। 108 एम्बुलेंस मरीज के लिए लगातार अपनी सेवा के माध्यम से लाभ पहुंचा रहा है। उनकी यह सेवा सिर्फ जनपद के अंदर ही नहीं बल्कि वाराणसी तक की निशुल्क सेवा देकर क्रिटिकल मरीजों के जान बचाने का लगातार काम कर रहा है। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को भी आया जब जिला अस्पताल में एडमिट मरीज को 108 एंबुलेंस के माध्यम से बीएचयू वाराणसी पहुंचाया गया। 108 एंबुलेंस के प्रभारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि जिला अस्पताल से 108 नंबर पर एक कॉल आया। बताया गया कि मरीज इसरार उम्र 35 जिसे मिर्गी के झटके आ रहे थे उसे जिला



अस्पताल के डॉक्टर के द्वारा बेहतर इलाज के लिए बीएचयू वाराणसी रेफर किया गया था। जिसकी जानकारी पर पायलट और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन दिलीप कुमार शर्मा पहुंचे और मरीज को 108 एंबुलेंस के माध्यम से बीएचयू वाराणसी लेकर गए। जहां उन्हें इमरजेंसी वार्ड में एडमिट कराया गया जहां पर उनका इलाज शुरू हुआ।

## लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत डीएम एसपी ने लगाई मतदाता जागरूकता चौपाल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा जनपद गाजीपुर के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चकखान मोहम्मद में स्थित कंपोजिट विद्यालय चकखान मोहम्मद पर मतदाता जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया तथा वहां मौजूद आम जनमानस से संवाद किया गया। लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए उपस्थित सभी जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह बताया गया कि जनपद में चुनाव के दौरान हर पोलिंग बूथ पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहेगी। यदि कोई भी व्यक्ति चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश करता है




या किसी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने से रोकता है, मतदाताओं को किसी भी प्रकार का लालच देता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद, एसडीएम मोहम्मदाबाद,थानाध्यक्ष करीमुद्दीनपुर तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## डा. उत्पल कुमार ने कमाल, चिकित्सा क्षेत्र में हुआ धमाल

### हृदय रोग विशेषज्ञ ने 100 प्रतिशत बन्द नस को चालू करके बचा ली जान

जौनपुर। डाक्टर को धरती का भगवान कहा जाता है जिसका प्रमाण आये दिन देखने व सुनने को मिलता है। इसी तरह का एक प्रमाण नगर के नईगंज में शीघ्र ही खुले ट्यूलिप हार्ट एण्ड सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में देखने को मिला। दिल के एक नस 100 प्रतिशत बन्द होने से परेशान मरीज के परिजन उसे तत्काल उक्त अस्पताल ले गये गये जहां प्राइमरी पीटीसीए करके मरीज को राहत पहुंचा दिया गया जो एक तरह से आश्चर्य कहा जा रहा है। बता दें कि लगभग दो घण्टे से सीने में असहनीय दर्द की शिकायत के साथ 50 वर्षीय एक मरीज को परिजन उक्त अस्पताल में लाये जहां प्रारम्भिक जांच में हार्ट अटैक की समस्या का पता लगा। इस बाबत हृदय रोग विशेषज्ञ डा. उत्पल कुमार ने बताया कि परिजनों की सहमति से मरीज की कोरोनरी एंजियोग्राफी की गयी जिसमें दिल की एक नस



१०० प्रतिशत बन्द पायी गयी। इस पर कार्डियोलॉजी टीम ने तत्काल मरीज की प्राइमरी एंजिप्लेस्टी की जिसके बाद बन्द पड़ी नस को स्टेंट द्वारा खोल दिया गया। ऐसे में मरीज के सीने में उठे दर्द में आराम मिलना शुरू हो गया। डा. कुमार ने बताया कि प्राइमरी एंजिओप्लेस्टी प्रक्रिया में हार्ट अटैक के मरीज की नाड़ी को १२ घण्टे के अन्दर तत्काल खोला जाता है जिससे मरीज के हार्ट के डैमेज को कम किया जा सके और मरीज की जान बचायी जा सके। बता दें कि डा. उत्पल कुमार एमएमबीएस, एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट) हैं जो कोकिलाबेन अम्बानी अस्पताल मुम्बई में सेवा देकर जौनपुरवासियों की सेवा करने के लिये यहां आये हैं। उन्होंने आगे बताया कि किसी व्यक्ति को शारीरिक समस्या कोई भी हो लेकिन सही समय पर सही जगह पहुंचने पर परिणाम अवश्य सकारात्मक हो जाता है।

## चैत्र नवरात्रि के पहले दिन रोटरी क्लब ने किया विशेष फलाहार भोज का आयोजन

प्रखर कुशीनगर। चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर, रोटरी क्लब कुशीनगर ने मंगलवार को कसया स्थित होटल कलश गेस्ट हाउस में रोटेरियन साथियों के लिए एक विशेष फलाहार भोज का आयोजन किया। इस भोज में विभिन्न प्रकार के फलाहारी व्यंजन परोसे गए, जिसमें सभी ने बड़े चाव से भोजन किया। रोटरी क्लब के संरक्षक राकेश जायसवाल ने बताया कि यह आयोजन नवरात्रि के प्रथम दिवस को और भी खास बनाने के लिए किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजन समुदाय में एकता और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली ने इस मौके पर कहा कि रोटरी क्लब कुशीनगर के इस आयोजन ने सभी को एक साथ लाकर एक सुखद और आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया, जो लंबे समय तक सभी के दिलों में बसा रहेगा। सचिव वह अजय सिंह ने कहा कि इस फलाहार भोज



के माध्यम से रोटरी क्लब ने न केवल नवरात्रि के धार्मिक महत्व को समझा, बल्कि समाज में सेवा और परोपकार की भावना को भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर रोटरी के संरक्षक राकेश जायसवाल, अध्यक्ष वाहिद अली, सचिव अजय सिंह, उपाध्यक्ष साहिल अहमद, उपाध्यक्ष संदीप रौनियार, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुवेर्दी, पूर्व अध्यक्ष अनिल जायसवाल, संयुक्त सचिव अखिलेश शर्मा, संयुक्त कोषाध्यक्ष सदरे आलम, निदेशक अमित श्रीवास्तव, अरूण कुमार वर्मा, डॉ सुनील सिंह, गौरव मद्धेशिया, महेंद्र तिवारी मोनू, इम्तियाज आलम, विशाल शर्मा, डॉ. जेके पटेल, हसमुद्दीन अंसारी, अरूण कुमार मौर्य, अमरेंद्र नारायण सिंह, सरवरे आलम (छोटे), वरुण कुमार यादव, हेमन्त गर्ग, दिनेश तिवारी भोजपुरिया, उमेश चंद जायसवाल एवं आदिल खान उपस्थित रहे।

## भोजपुरी नाइट में झूमा बनारस, अभिनेत्री अक्षरा सिंह और कॉमिडियन संकेत भोसले रहे मुख्य आकर्षण

### श्रेया एंटरटेनमेंट और प्रोडक्शंस ने वाराणसी में किया भोजपुरी नाइट्स का आयोजन

प्रखर वाराणसी। मिन्ट हाउस नदेसर स्थित होटल ताज में मंगलवार देर शाम भोजपुरी नाइट का आयोजन किया गया जिसमें संगीत, मनोरंजन, नृत्य, और हास्य अभिनय की प्रस्तुतियां शामिल थीं इस शानदार आयोजन में मशहूर व्यक्तित्वों द्वारा मनोरंजन की दिलचस्प प्रस्तुतियां देखने को मिलीं अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने अपने गायन और नृत्य कौशल से दर्शकों को मोहित किया जबकि हास्य के प्रेमी संकेत भोसले ने अपनी हास्य रचनाओं से सभी को हंसी में ले लिया ` विवेक केशरी और श्रेया खन्ना ने समारोह की मेजबानी की कवि पंछी जालोनवी और संगीत संवादक विष्णु नारायण भी इस अवसर पर मौजूद थे कलाकारों के परफॉर्मेंस पर बनारस वासी झूमने को मजबूर नजर आए भोजपुरी नाइट अपने आप में एक अलग तरह का इवेंट था जिसमें बनारस वासियों के लिए पारंपरिक




और आधुनिकता का समागम देखने को मिला इस कार्यक्रम का आयोजन श्रेया इंटरटेनमेंट और प्रोडक्शंस के द्वारा किया गया ` कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत राष्ट्रीय गान का गायन करके हुआ जिसके बाद श्रेया ऐन्थम का प्रसारण किया गया इसके बाद कवि पंछी जालोनवी द्वारा एक संगीत वीडियो का अनावरण किया गया जो उनके दस का दम, दीदार दे और रावन जैसे बॉलीवुड हिट गानों के लिए प्रसिद्ध हैं` जालोनवी की गजल, जगजीत सिंह द्वारा सुंदरता से गाई गई, शाम को एक नोस्टैल्जिक छूट मिली जो उनके श्रेया एंटरटेनमेंट और प्रोडक्शंस के साथ संबंध को दिखाती है इस मौके पर कंपनी के क्रिएटिव हेड हेमंत कुमार राय ने श्रेया म्यूजिक के बारे में कहा कि हमारी कंपनी लगातार देश के युवाओं और नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर रही है` श्रेया एंटरटेनमेंट और प्रोडक्शंस ने मात्र छह महीनों में ही मनोरंजन क्षेत्र में अद्वितीय सफलता की यात्रा शुरू की है इस अत्यधिक महत्वपूर्ण मील के पथ को समर्पित करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वाराणसी के लोगों में भोजपुरी नाइट को लेकर बेहद उत्साह देखने को मिला लोग इसका खूब आनंद लेते नजर आए उनका मन था कि ऐसे आयोजनों से बनारस भी युवा मॉडल के लिए एक हब बन सकता है उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन यहां लगातार होने चाहिए` आपको बता दें कि श्रेया एंटरटेनमेंट ऐंड प्रोडक्शन्स द्वारा पिछले छह महीनों में काफी गीत रिलीज किए गए हैं जिन्होंने बहुत लोकप्रियता हासिल की है उनमें अल्बम बेआबरू,कोशिश और बातों में सहित कई वीडियो शामिल हैं। आयोजन में उपस्थित श्रेया के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों में विशाल सरोज इत्यादि भी शामिल थे।

## श्री हरिमंदिर रथ उत्सव विभाग ने नववर्ष प्रतिपदा पर निकाली श्रीराम शोभायात्रा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। श्री हरिमंदिर रथ उत्सव विभाग द्वारा हिंदू नव वर्ष के अवसर पर गाजीपुर नगर में श्री राम शोभा यात्रा निकाली गई, इस यात्रा की शुरूवात चंदननगर रौजा स्थित बैजनाथ इंटर कालेज से हुई जहां से विश्वेसरगंज चौराहा होते हुए सकलेनाबाद तक गई और वहा से पुनः बैजनाथ इंटर कालेज पर वापस आकर समाप्त हो गई। शोभा यात्रा कार्यक्रम का संयोजन और संचालन एकल अभियान की प्रांतीय पदाधिकारी डॉ0 पुजा श्रीवास्तव ने किया तथा इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यह शोभा यात्रा आज चैत्र शुक्ल पक्ष एकम प्रतिपदा तिथि को निकाली जा रही है जिससे समाज में एक सकारात्मक ऊर्जा और संदेश दे सके। जिससे लोग अपनी देश की संस्कृति को पहचाने और यह वर्ष तो और भी खास है क्योंकि इस वर्ष पुरुषोत्तम रामलला अपने मंदिर में विराजमान हो गए है तो इस बार की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा अत्यंत शुभ है, साथ ही उन्होंने कहा की हमारे देश के लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार है और इसमें सभी को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए और मतदान जरूर करना चाहिए। श्री राम शोभा यात्रा में बैजनाथ इंटर कालेज के प्रबंधक डॉ अनुज मिश्रा, विद्यालय के शिक्षक रवि कुमार,




कार्यालय सहायक छोटू श्रीवास्तव, आकाश श्रीवास्तव, श्रवण बिंद, कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी अरुण श्रीवास्तव उर्फ चुन्नू , विभोर श्रीवास्तव, आचार्य बहने और एकल अभियान के कार्यकर्ता तथा बैजनाथ इंटर कालेज के विद्यार्थी और नगरवासी उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं